# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 29 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन शुक्ल पक्ष 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 23 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ नैनीताल की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है सरकार

करियर बर्बाद करने के आरोपों पर पहली बार सलमान खान ने तोडी चुप्पी ◀ 6




## शारदीय नवरात्रः सातवां दिन कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्त्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी - काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यू-रुद्राणी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है।

माना जाता है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिशाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं।

**श्लोक**

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्य क्तशरीरिणी।।**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।**
**वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयन्करि।।**

## देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।



### बोकारो स्टील प्लांट में हॉट मेटल चार्जिंग के दौरान बड़ा हादसा

## तीन कर्मचारी पर गिरा हॉट मेटल, स्थिति गंभीर

**बोकारोः** स्टील प्लांट के एसएमएस-2 सेक्शन में हॉट मेटल चार्जिंग के दौरान तीन कर्मचारी पर भारी हॉट मेटल गिर गया, जिससे तीनों बुरी तरह से झुलस गए। जिसके बाद सभी कर्मचारियों को तुरंत बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उसी जगह पर हुआ है जहां प्लांट के कर्मचारी रोजाना काम करते हैं।





सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोपः हादसे के बाद कर्मचारियों की हालत गंभीर होने के बावजूद प्लांट प्रबंधन ने इस पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। कर्मियों का आरोप है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले कुछ महीनों में यहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर कई बार सवाल उठ चुके हैं। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान बोकारो स्टील प्लांट ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों में ऑक्सीजन सप्लाई कर लोगों को जीवनदान दिया था लेकिन अब वही प्लांट अपने कर्मचारियों के लिए असुरक्षित जगह बन गई है। काम कर रहे कर्मचारियों के परिवार और सहकर्मी चिंतित हैं। इधर हादसे के बाद से प्लांट प्रबंधन इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है जबकि कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर कई बार चेतावनी दी जा चुकी है।

स्थानीय लोग और कार्यकर्ता इस हादसे पर चिंता जताते हुए कह रहे हैं कि प्लांट की सुरक्षा मानकों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि केवल बड़े दावे और बयान देना पर्याप्त नहीं है। धरातल पर कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।




## आश्रम में अय्याशी के सबूत पर डर्टी बाबा की बोलती बंद, पुलिस के सवालों से घबराया बाबा

**नई दिल्लीः** यौन शोषण के गंभीर मामले में आरोपी चैतन्यानंद पर दिल्ली पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने बाबा को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इसके बाद, सोमवार तड़के दिल्ली पुलिस की टीम बाबा को उस इंस्टिट्यूट लेकर पहुंची, जहां कथित तौर पर छात्राओं का शोषण किया जाता था।

दिल्ली पुलिस सोमवार तड़के चैतन्यानंद को इंस्टिट्यूट लेकर पहुंची। इस दौरान चैतन्यानंद को ग्राउंड फ्लोर पर बने टॉर्चर रूम में ले जाया गया, जहां वह छात्राओं को निजी तौर पर मिलने के लिए बुलाता था। पुलिस ने इंस्टिट्यूट में लगे सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन खंगाली और यह देखा कि किन कैमरों की एक्सेस बाबा के पास थी। साथ ही, इस बात की भी जांच हुई कि वह किस प्रकार छात्राओं की गतिविधियों पर नजर रखता था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर में धारा 351(3) जोड़ी है, जो गैर-जमानती अपराध है और हत्या की धमकी जैसे गंभीर अपराधों के लिए लगाई जाती है। इससे पहले इस मामले में धारा 351(2) लागू की गई थी, जो अपेक्षाकृत कम गंभीर मानी जाती है। पुलिस का दावा है कि बाबा ने अब तक 16 लड़कियों के साथ यौन शोषण किया है और इसके पुख्ता डिजिटल सबूत भी मौजूद हैं। पुलिस ने कोर्ट से बाबा और पीड़िताओं का आमना-सामना कराने तथा छिपाए गए डिजिटल सबूतों को इकट्ठा करने के लिए हिरासत की मांग की थी। दूसरी तरफ, बाबा के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पुलिस उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं कर रही है।

## मन की बात में पीएम मोदी ने झारखंड की आदिवासी बुनाई को सराहा, आशीष ने दिया ग्लोबल पहचान



संवाददाता

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में झारखंड की आदिवासी परंपरागत बुनाई और परिधानों को ग्लोबल रैंप तक पहुंचाने वाले आशीष सत्यव्रत साहू के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि खादी की तरह ही हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में भी जब परंपरा और नवाचार को जोड़ा जाता है, तो अद्भुत सफलता मिलती है। मोदी ने इस तरह के उदाहरणों को प्रेरणादायक बताया जो देश के हुनर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। यह उपलब्धि झारखंड के सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने के साथ-साथ गांव-देहात में रोजगार के अवसर भी बढ़ा रही है। आशीष ने झारखंड के सांस्कृतिक धरोहर को बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने के लिए 'जोहार ग्राम' नामक ब्रांड की स्थापना की। इस ब्रांड के जरिये उन्होंने परंपरागत आदिवासी बुनाई के कपड़ों को समकालीन डिजाइन से जोड़कर एक नई पहचान दी है। उनके प्रयासों से यह ब्रांड अब सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे विदेशी देशों में भी लोकप्रिय हो रहा है। जोहार ग्राम के नाम से शुरू की गयी इस कोशिश में प्रदेश के 32 जनजातियों के ट्रेडिशनल पहनावे को एक मॉडर्न और स्टाइलिश लुक देकर दुनिया के सामने उतारा गया।

आशीष ने स्थानीय बुनकर समुदायों के साथ मिलकर काम किया है ताकि वे आर्थिक तौर पर सशक्त बन सकें और पारंपरिक कला को भी संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देता है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर प्रस्तुत करता है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इंडिजेनस हैंडलूम के जैकेट को पहनकर अपनी दीवानगी जाहिर कर चुके हैं। इस बीच रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि झारखंड में खादी के ब्रांड एंबेसडर आशीष सत्यव्रत की चर्चा हम सबके लिए गौरव की बात है। आशीष ने खादी को ही अपने जीवन का संकल्प बना लिया है। उन्होंने कहा कि जब मैं झारखंड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का अध्यक्ष था, तभी से खादी के प्रति आशीष का संकल्प और समर्पण देखा है।

### प्रधानमंत्री के दिलों में बसती है झारखंड की जनता, यहां की कला - संस्कृति : बाबूलाल मरांडी

**रांचीः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में झारखंड की आदिवासी परंपरागत बुनाई और परिधानों को ग्लोबल रैंप तक पहुंचाने वाले आशीष सत्यव्रत साहू के प्रयासों की सराहना की थी। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता, यहां की कला, संस्कृति मोदी के दिलों में बसती है। इसलिए वे खोज कर इसकी महानता, विशेषता को अपने संबोधन से दुनियां वक्र सामने उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सिर्फ खान खनिज के बल पर नहीं बल्कि अपनी कला, संस्कृति, रीति- रिवाज को बढ़ावा देकर आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मरांडी ने कहा कि स्वदेशी का संकल्प हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करेगा, आत्म निर्भरता को बढ़ाएगा और भारत को विश्व गुरु बनाएगा। उन्होंने राज्य की जनता से कहा कि उत्सव, त्योहार को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ें। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देकर वोकल फॉर लोकल को की आवाज बुलंद करें। उन्होंने 2 अक्टूबर को गांधी, शास्त्री जयंती के अवसर पर विजयादशमी त्योहार में खादी वस्त्रों को शामिल करने का आह्वान किया।

### कुरुक्षेत्र में भीषण हादसा

## आमने सामने टकराई दो कारें, पांच की मौत

### माता के जागरण से लौट रहे थे सभी

**कैथल :** कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार क्रेटा और स्विफ्ट कार की आमने-सामने टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



**खिड़की काटकर निकाले शव :** हादसा इतना भयानक था कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और खिड़कियां काटकर शवों को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार मृतक यमुनानगर के रहने वाले थे और माता के जागरण से लौट रहे थे। हादसा पिंडारसी और घराडसी गांव के बीच हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सामान्य कराया। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि तेज रफ्तार और लापरवाही इस दुर्घटना की वजह बनी।

### ट्रक-ऑटो की सीधी टक्कर में चार की मौत

**रोहतासः** बिहार के रोहतास जिले में आज यानी सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल आज यहां ट्रक और ऑटो की सीधी टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, हादसा तिलौथू-डेहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुराने पेट्रोल पंप के समीप का है। घटना के संबंध में बताया जा रहा ट्रक और ऑटो में जोरदार भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर सभी की जानें चली गई। ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# पाकिस्तान से ट्रॉफी लेने से टीम इंडिया का इनकार बीसीसीआई ने की 21 करोड़ के इनाम की घोषणा





**नई दिल्लीः** एशिया कप 2025 का खिताबी मुकाबला जीतकर भी भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं मिल पाई। वजह यह रही कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अध्यक्ष तथा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से साफ इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत विरोधी बयानों के लिए कुख्यात रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि टीम इंडिया नकवी से ट्रॉफी नहीं लेगी। इसके बावजूद वे मंच से नहीं हटे, जिसके चलते विजेता टीम ने पुरस्कार ग्रहण करने से इनकार कर दिया।

बीसीसीआई का सख्त रुखः बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टीम इंडिया के फैसले को पूरी तरह सही ठहराया। उन्होंने कहा ,भारत उस व्यक्ति से ट्रॉफी नहीं ले सकता, जो हमारे देश के खिलाफ खुलेआम बयान देता है। यह खेल की गरिमा के खिलाफ है। हम इस मुद्दे को नवंबर में होने वाली आईसीसी बैठक में मजबूती से उठाएंगे। सैकिया ने कहा कि भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सातों मैच जीते और पाकिस्तान को तीन बार मात दी। उन्होंने इसे देशवासियों के लिए गर्व का पल बताते हुए खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार की नीति के तहत ही टीम ने एशिया कप खेला। उन्होंने कहा , भारत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलता। लेकिन बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेना जरूरी है, वरना अन्य खेलों पर भी असर पड़ सकता है। बीसीसीआई एशिया कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम और सहयोगी स्टाफ को टूर्नामेंट में अपराजेय प्रदर्शन पर 21 करोड़ रुपए पुरस्कार देगा। बोर्ड ने दुबई में पाकिस्तान पर एशिया कप फाइनल में जीत के बाद यह घोषणा की।

कप्तान सूर्या बोले,असली ट्रॉफी मेरी टीम हैः कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि ट्रॉफी न मिलना जरूर असामान्य था, लेकिन उनके लिए असली ट्रॉफी उनकी टीम है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा ,14 खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। जब टूर्नामेंट खत्म होता है, तो चैंपियंस याद रहते हैं, ट्रॉफी की तस्वीरें नहीं।

**पाक पत्रकारों पर दिया हल्का-फुल्का जवाबः** प्रेस वार्ता के दौरान पाकिस्तानी पत्रकारों ने उन पर राजनीति लाने का आरोप लगाया। इस पर सूर्या ने मुस्कुराकर कहा , आप गुस्सा क्यों हो रहे हैं? बताइए, जीतने के बाद ट्रॉफी किसे मिलनी चाहिए? हमने मैदान पर फैसला लिया, किसी बाहरी दबाव में नहीं।

जश्न में कोई कमी नहींः ट्रॉफी न मिलने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में जमकर जश्न हुआ। सूर्या ने मजाकिया अंदाज में कहा , आपने ट्रॉफी की तस्वीर नहीं देखी? अभिषेक और शुभमन ने पोस्ट कर दी थी। हमारे लिए सबसे बड़ा जश्न खिलाड़ियों की मेहनत और जीत है।

### एशिया कप ट्रॉफी छीनने पर नकवी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगा बीसीसीआई, कहा-

## 'दर्ज कराया जाएगा कड़ा विरोध'

**नई दिल्लीः** एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर भारत की असाधारण जीत के बाद अफरा-तफरी मच गई। भारतीय टीम ने पीसीबी और एसीसी प्रमुख मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। देरी से हुए पुरस्कार वितरण समारोह के बाद, भारतीय टीम विरोध स्वरूप मंच पर नहीं चढ़ी। इस कदम के बाद मोहसिन नकवी मंच से वापस चले गए और ट्रॉफी भी अपने साथ ले गए, लेकिन टीम इंडिया को नहीं सौंपी। पीसीबी प्रमुख के इसी कदम को भारतीय टीम ने खेल भावना के विपरीत बताया और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) के सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में आगे आकर खुलासा किया कि वे नकवी के इस कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

सैकिया ने बताया, हमने एसीसी अध्यक्ष, जो पाकिस्तान के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं, से एशिया कप 2025 ट्रॉफी स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। यह एक सोची-समझी रणनीति थी। उन्होंने आगे कहा, इससे उन्हें ट्रॉफी और पदक अपने साथ ले जाने का अधिकार नहीं मिलता। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और खेल भावना के विरुद्ध है। हमें उम्मीद है कि ट्रॉफी और पदक जल्द से जल्द भारत को लौटा दिए जाएँगे। इस नवंबर में दुबई में आईसीसी सम्मेलन होने वाला है और उस सम्मेलन में हम एसीसी अध्यक्ष के कार्यों के खिलाफ बहुत गंभीर और कड़ा विरोध दर्ज कराएँगे।

# झामुमो विधायक दशरथ गागराई पर फर्जी सर्टिफिकेट का आरोप, चुनाव आयोग ने दिया जांच का आदेश

**संवाददाता**

**रांचीः** झामुमो विधायक दशरथ गगराई पर चुनाव में फर्जी पहचान पत्र इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। औपचारिक शिकायत के बाद झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रविकुमार ने सरायकेला-खरसावां के पुलिस उपायुक्त को शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया है।

विधायक ने शिकायत को खारिज किया:मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लालजी राम तियु नामक व्यक्ति ने तीन बार खरसावां से विधायक रहे गगराई की पहचान पर सवाल उठाते हुए एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, 'मैंने शिकायतकर्ता के हलफनामे के साथ शिकायत को सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह को जांच के लिए भेज दिया है।' मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव समाप्त होने और परिणाम घोषित होने के बाद विधायकों से जुड़े विवादों का निपटारा राज्य के राज्यपाल को करना होता है और सांसदों से जुड़े विवादों का निपटारा राष्ट्रपति करते हैं। वहीं विधायक ने आरोप को खारिज करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को सत्ता में बैठे लोगों पर ऐसे आरोप लगाने की आदत है।



आरोपों पर झामुमो विधायक दशरथ गगराई का कहना है कि, 'मैंने जो हलफनामे और दस्तावेज जमा किए उनकी विधानसभा चुनावों में तीन बार जांच की गई। आरोप निराधार हैं। दरअसल, नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी शिकायतकर्ता अब जमानत पर बाहर हैं और सत्ता में बैठे लोगों पर ऐसे आरोप लगाने की उनकी आदत है।'

**चेतावनी, सरकार ने उठाए आपात कदमः शिकायतकर्ता ने विधायक की पहचान पर उठाए सवाल :** शिकायतकर्ता ने 28 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें वर्तमान विधायक की पहचान पर सवाल उठाया गया था। शिकायतकर्ता लालजी राम तियु, जो खुद को पूर्व सैनिक बताते हैं, ने आरोप लगाया कि मौजूदा विधायक दशरथ गगराई असल में रामकृष्ण गगराई हैं, जो असली दशरथ गगराई के बड़े भाई हैं। 18 सितंबर को दिए गए एक हस्ताक्षरित हलफनामे में, शिकायतकर्ता ने अपने दावों के पक्ष में दस्तावेजों और आधिकारिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए जांच की मांग की।

## न्यूज IN ब्रीफ



### एसपी ने अधिकारियों के साथ संवेदनशील स्थलों का लिया जायजा

**चतराः** जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न कराने व लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से रविवार की शाम शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, एसडीपीओ संदीप सुमन, एसडीओ जहूर आलम, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, अंचलाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो सहित जिले के सभी वरीय अधिकारियो ने शहर में फ्लैग मार्च कर दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का ना सिर्फ जायजा लिया। बल्कि लोगों को यह संदेश देने का काम किया लोग बेफिक्र होकर त्योहार मनाएं। फ्लैग मार्च के माध्यम से हुड़दंगियों को भी साफ संदेश दिया गया कि वह हुड़दंग

करने का सोचे भी नहीं। अधिकारियों ने शहर के चौक-चौराहों सहित शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों से सख्ती से निपटने को लेकर तैयारियों का प्रदर्शन किया। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर पैनी नजर बनाए हुई है। जिले में दुर्गा पूजा का त्यौहार शुरू हो गया है। त्यौहार में किसी भी तरह का कोई विघ्न उत्पन्न नहीं हो, पुलिस अभी से ही उसकी तैयारी में जुटी है। फ्लैग मार्च के माध्यम से उपद्रवियों को साफ संदेश दिया जा रहा है कि वह उपद्रव करने का सोचें भी नहीं। पुलिस प्रशासन ऐसे तत्वों से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है।

### आधुनिक सुविधा से लैश वंश डेंटल केयर का भव्य उद्घाटन



**चतराः** जिले के इटखोरी प्रखंड के पितीज बंगला चौक स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक एवं विक्की मेडिकल हॉल के समीप रविवार को वंश डेंटल केयर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने विधिवत पूजा-अर्चना व फीता काटकर किया।क्लिनिक का संचालन दंत चिकित्सक डॉ. प्रगति कुमारी (बीडीएस, हजारीबाग) द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि अब पितीज व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को दंत रोगों के इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। यह क्लिनिक ग्रामीण जनता के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। डॉ. प्रगति कुमारी ने बताया कि यहाँ आधुनिक तकनीक से दांतों से संबंधित सभी समस्याओं का उपचार सुलभ व किफायती दर पर उपलब्ध होगा। क्लिनिक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों के लिए खुला रहेगा। इस मौके पर मुखिया रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, विजय दांगी, मोहन साव, मुकेश कुमार साव, श्यामलाल साव, सुब्रोतो चटर्जी, डॉ प्रकाश माथुर, विकास माथुर, कैलाश सिंह, इंद्रदेव सिंह , डॉ विजय साव, विक्रम साव, रंजीत दांगी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### दुगार्पूजा के मद्देनजर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**चतराः** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया शुभम् खंडेलवाल के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस केन्द्र चतरा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मार्क ड्रिल में परिचारी प्रवर, उपस्कर/परिवहन परिचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे। मॉक ड्रिल का आयोजन का उद्देश्य भीड़ नियंत्रण एवं आपाकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी करना है। साथ ही त्यौहार के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढ़ग से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस मॉक ड्रिल में सभी तरह के दंगा कंट्रोल सामग्री का उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही टीजी गन, चिली बम, वाटर कैनन, आरबीएल गन, लाठी, हेलमेट, कैंसिल का उपयोग किया गया।

# दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त ब्रीफिंग





**संवाददाता**

**चतराः** दुर्गा पूजा के सफल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार अग्रवाल ने रविवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की।ब्रीफिंग के दौरान दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त चौकसी, यातायात प्रबंधन, अग्निशमन व आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों सहित सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अनुमंडल व थाना क्षेत्रों में पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर समय से आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें।पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की तैयारियों की जानकारी दी और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।

### दिव्यांगजनों को मिली बैटरी संचालित ट्राई साइकिल



**चतराः** सांसद कालीचरण सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर चतरा स्थित अपने आवास पर 15 दिव्यांग बंधुओं को निःशुल्क बैटरी संचालित ट्राई साइकिल प्रदान की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपने आप को कमजोर न समझें, क्योंकि उनके भीतर विशेष दिव्य शक्तियां भी होती हैं। सांसद ने आगे कहा कि ये सहायता उपकरण न केवल उनकी शारीरिक मदद करेंगे, बल्कि उन्हें शिक्षा, रोजगार और समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आत्मविश्वास भी देंगे। उन्होंने कहा कि यही सेवा का भाव समाज के वास्तविक उत्थान की दिशा में कदम है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की पहल उसकी एक छोटी सी कड़ी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया के मंच पर मजबूती से उभर रहा है, और उनकी प्रेरणा से हम सभी में सेवा भाव और समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचने का संकल्प मजबूत होता है। सांसद ने सभी लाभार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि यह ट्राई साइकिल उनके जीवन में नई गति और ऊर्जा लेकर आएगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि श्री विनय सिंह, विद्यासागर आर्य, बसंत यादव, दुलारचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

**चतराः** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान मातृ वंदना योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने शत-प्रतिशत लाभुकों का फेशियल रिकॉग्निशन के माध्यम से ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए जिला सूचना अधिकारी को आधार अपडेट कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया। सावित्री बाई फुले योजना के अंतर्गत कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राएं एवं 18-19 वर्ष की सभी लाभुक युवतियों के आवेदन शीघ्र जमा कराने के लिए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक,सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया। सेविका-सहायिका के रिक्त पदों को अगली बैठक से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।समर कार्यक्रम के तहत बच्चों के ग्रोथ मॉनिटरिंग को सही तरीके से संचालित करने एवं सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को एमटीसी केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, शंभू बड़ाईक (जिला क्षेत्रीय प्रबंधक, समर अभियान, चतरा), सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा जिले की महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थीं।




# आज से खुलेंगे पूजा पंडाल, मां देंगी दर्शन

**संवाददाता**

**चतराः** आदि शक्ति माता दुर्गा की भक्ति में शहर से लेकर गांव तक लोग डूब गए हैं। चारों ओर माता का जयकारा लग रहा। सभी पूजा पंडालों में संध्या आरती में भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु शक्ति की भक्ति में लीन हैं। वहीं मां दुर्गा भी अपने भक्तों पर कृपा बरसा रही हैं। सभी पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आज आम दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिए जाएंगे। आज पट खुलने के साथ ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों में पहुंचने लगेगी।माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ बुधवार को नवमी की रात में लगेगी। शहर के अलावा आसपास के गांवों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पंडालों को देखने व माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

**श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आयोजक और प्रशासन चुस्त :** पंडालों में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन व पूजा समिति के लोगों ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। पूजा पंडाल के पास बेरिकेडिंग की जा रही है। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाए गए हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दिया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल तैनात किए गए हैं। मुख्य मार्ग पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। बुधवार नवमी को दो पहिया वाहनों पर भी रोक लगेगी। शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया है।





**दूधिया रौशनी से जगमग है शहरी इलाकाः** दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समितियों ने पंडाल के साथ साथ सड़क के दोनों किनारों पर लाइटिंग की काफी सुंदर व्यवस्था की है। लाइटिंग से पूरा शहर जगमग हो उठा है। पंडालों में की गई विद्युत साज-सज्जा देखते ही बन रही है।

**काली मंदिर में महाष्टमी पर वाराणसी से आये पंडित कराएंगे महाआरती :** शहर के अव्वल मोहल्ला स्थित काली मंदिर में पूजा समिति द्वारा मंगलवार को महाअष्टमी की महाआरती करवाई जा रही है। महाआरती के लिए वाराणसी से पंडित बुलाए जा रहे हैं। शाम 7:30 बजे से महाअष्टमी की महाआरती होगी।

# सीएम ने किया बांधगाड़ी और हरिमती दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन, मां का लिया आशीर्वाद





**संवाददाता**

**रांचीः** शारदीय नवरात्र में आज रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीपाटोली स्थित बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति और लालपुर स्थित हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा समिति,लालपुर के पूजा पंडाल का विधिवत अनावरण किया।

दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुलने के बाद मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा के दर्शन किए और माथा टेककर उनसे आशीर्वाद लिया। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मां दुर्गा से राज्य की उन्नति एवं राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दुर्गोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। दोनों ही पूजा पंडालों में भक्तिमय वातावरण में माता रानी के जयकारे के बीच उन्होंने मां दुर्गा से समस्त राज्यवासियों के मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

**श्रद्धा एवं आस्था का उमड़ रहा सैलाब**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के दौरान हो रही लगातार बारिश के बाद भी श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यहां के भव्य और आकर्षक पंडाल दुर्गोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा हर साल और आगे बढ़े, माता रानी से यही कामना करते हैं।

**कृषि मंत्री ने डोरंडा में दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन**

शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का आगमन हो चुका है। दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुलने के साथ महागौरी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डोरंडा स्थित छप्पन सेट सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति और रांची मधुकम स्थित श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन किया।

कृषि मंत्री ने मां दुर्गा की आरती करने के साथ-साथ मां के दरबार में मत्था टेक कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। डोरंडा स्थित छप्पन सेट पूजा पंडाल के उदघाटन के मौके पर कैबिनेट की सहयोगी ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, निजी अखबार के स्टेट हेड सह वरीय स्थानीय संपादक विजय पाठक, कांग्रेस नेता आलोक दुबे सहित पूजा समिति के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

इसी तरह रांची के मधुकम स्थित श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने किया। इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब-जब धरती पर बुराई ने अपना प्रकोप दिखाया है तब-तब अलौकिक शक्ति ने उसका नाश किया है।

मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक है और वो अपने भक्तों के साथ हमेशा तारणहार की भूमिका में रहेंगी। मां दुर्गा की कृपा हमेशा सभी पर बनी रहे। समाज में सुख, शांति और भाईचारगी का माहौल हो, यही माता से मनोकामना है। इस अवसर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि वर्षों से यहां मां दुर्गा की पूजा अर्चना होती आ रही है। इस पूजा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सामाजिक एकता का प्रतीक है।

## उपकार क्लब संघ दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन



**रांचीः** आज चुटिया के प्राचीन श्री राम मंदिर के समीप स्थित उपकार क्लब संघ दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि आदित्य विक्रम जायसवाल द्वारा किया गया। मौके पर उद्घाटन में शंकर दूबे, उपकार क्लब संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह मौजूद थे।

ज्ञात हो कि यह पूजा सन 1926 से लगातार आयोजित की जा रही है यहां पीढ़ी दर पीढ़ियों से मूर्तिकार, पुजारीगण अपना सहयोग देते आ रहे हैं। यहां हर साल विशेष आयोजन होता है एवं विशेष संदेश देने का कार्य किया जाता है।आदित्य जायसवाल ने दुर्गा पूजा की शुभकामनाए देते हुए कहा कि सबसे पहले हमें सनातन जानना चाहिए की सनातन क्या है, सनातन का अर्थ है शाश्वत मतलब सदा रहने वाला। हमें गर्व है कि हम सनातनी हैं और सनातन धर्म को पूर्णजोर तरीके से आगे बढ़ाते चल रहे हैं। हमें गर्व है अपनी संस्कृति पर इससे हर एक वर्ग को सीखना चाहिए सनातन हमारे जीवन में हर एक चीज के लिए मार्गदर्शन देता है की जीवन कैसे व्यतीत किया जाए और अपने धर्म संस्कृति को कैसे आगे बढ़ाया जाए। साथ ही मैं उपकार क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह को सनातन पर जंगल बुक के इस थीम के लिए बधाई भी देता हूँ की वे अपनी संस्कृति को संजो कर आगे बढ़ा रहे हैं।

मौके पर भाजपा नेता मदन सिंह, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी, कैलाश केशरी, विजेंद्र सिंह, गोपी कृष्ण अग्रवाल, रवि सिंह, मोनू सिंह, हरजीत सिंह, कृष सिंह, गौरव सिंह, चंदन, रिकी राज, रिकी सिंह, सुनील सिंह, सुनील सहाय, अनिल राम, विजय राम, वीरू साहू, उदय पासवान, आयुष राज, रवि लोहरा, रवि सिंह, विक्रम साहू, संजय सिंह, नकुल नायक, शेखर वर्मा, उदय कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुणाल अजमानी ने किया श्री दुर्गा पूजा समिति चर्च रोड के भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन

**मेट्रो रेज**



**रांचीः** श्री दुर्गा पूजा समिति चर्च रोड के भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन आज प्रसिद्ध समाजसेवी सह रामलला दुर्गा पूजा समिति के महासचिव कुणाल अजमानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार ने उन्हें चुनरी और माल्यार्पण कर स्वागत किया। मौके पर बरियातू निवासी बालिका खुशी ने बंगाल का प्रसिद्ध धूप आरती कर सबका मन मोह लिया। इस वर्ष समिति के द्वारा आकर्षक काल्पनिक पूजा पंडाल बनाया गया है। जिसके अंदर में सुंदर सजावट की गई है। इस अवसर पर श्री अजमानी ने समिति के सदस्यों को दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि माता का आशीष सब पर बनी रहे एवं देश एवं राज्य खुशहाल बने यही कामना करता हूँ। इस अवसर पर संरक्षक राजेश्वर प्रसाद राजन, कपिल साहू, अमित कुमार डब्बू ,उत्तम साहू, राजा कर्मकार, प्रेम कुमार सोनी, संजय साहू, मनीष प्रसाद, जीवेश अजमानी, रूपेश जायसवाल, अविनाश कुमार, हेमन्त कुमार, आदित्य राज, मयंक कुमार, नीलेश कुमार, धीरज चौरिसिया, पवन गुप्ता, हर्ष जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, किया गया फ्लैग

### एसएसपी के निर्देश पर रांची पुलिस और केंद्रीय बलों ने शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में एक साथ किया फ्लैग मार्च

**संवाददाता**



**रांचीः** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर बीते रविवार को एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर रांची पुलिस और केंद्रीय बलों ने शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में एक साथ फ्लैग मार्च किया। इसका मकसद न केवल सुरक्षा का परिचय देना था, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश भी देना था।

फ्लैग मार्च अल्बर्ट एक्का चौक से शुरू होकर मेन रोड होते हुए कर्बला चौक तक पहुंचा। इसके बाद कर्बला चौक से चर्च रोड, काली मंदिर रोड होते हुए उन सभी जगहों से पुलिस का काफिला गुजरा जहां पहले कभी सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बनी थी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने रुककर थानेदारों को सुरक्षा के लिए जरूरी निर्देश दिए और आसपास के इलाकों की व्यवस्था का भी जायजा लिया। जिला प्रशासन ने जनता से साफ संदेश दिया कि दुर्गा पूजा प्रेम, शक्ति और संस्कृति का पर्व है, जो सभी धर्मों और समुदायों में सौहार्द बढ़ाने का अवसर है। किसी भी हाल में यदि कोई व्यक्ति सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षा के मद्देनजर पूरे शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और कंट्रोल रूम सक्रिय रखा गया है ताकि किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें, शांति बनाए रखें और त्योहार को मिलकर मनाएं। प्रशासन ने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा केवल देवी की शक्ति की आराधना ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, प्रेम और मानवता का भी उत्सव है।

## नेक्सजेन महिंद्रा शोरूम में एसीबी की रेड




रांचीः लोहरदगा रोड स्थित नेक्सजेन महिंद्रा शोरूम में एसीबी की रेड चल रही हैं। मालूम हो कि नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह के ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी हुई थी और हजारीबाग जमीन घोटाले मामले में तीन दिन पहले विनय सिंह को एसीबी ने गिरफ्तार किया था। इसी मामले को लेकर एसीबी की कार्रवाई जारी है। लगभग डेढ़ घंटे से छापेमारी जारी हैं।

## कल्पना सोरेन ने मां दुर्गा का लिया आशीर्वाद



**रांचीः** विधायक कल्पना सोरेन ने आज गाण्डेय क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुँचकर माँ दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं राज्यवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## दशहरा के दिन कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट,रावण दहन पर पड़ सकता है असर

रांचीः श्रद्धालु नवरात्र धूमधाम से मना रहे हैं। पंडालों के पट खुल चुके हैं। तमाम शहर मेले से गुलजार हैं लेकिन रह रहकर हो रही बारिश इस खुशी में खलल डाल रही है। झारखंड में इस साल खूब बारिश हुई है। लोग बस अब यही कह रहे हैं कि 'बस करो'। षष्ठी की शाम रांची पर मौसम की मेरहबानी रही। नतीजतन, रातभर पूजा पंडालों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ता रहा। आज सप्तमी है। अगले चार दिन बड़ी संख्या में लोग पूजा पंडालों में देवी के दर्शन करने निकलते हैं। मेले का लुत्फ उठाते हैं लेकिन सवाल है कि दशहरा तक मौसम का मिजाज कैसा रहने वाला है?

मौसम केंद्र के मुताबिक 29 सितंबर को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, सिमडेगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, कोडरमा, हजारीबाग और धनबाद में कहीं कहीं मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है। इस दौरान कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है जबकि 30 सितंबर और 1 सितंबर को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है।

खास बात है कि लोग अब मन बना चुके हैं कि बारिश से छुटकारा नहीं मिलने वाला है। लिहाजा, छतरी और रेनकोट लेकर लोग नवरात्र के मेले का लुत्फ उठाने निकल रहे हैं। राहत की बात है कि नवमीं तक कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है।

नवरात्र के बाद दशहरा का खास महत्व रहता है।

# उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया दौरा, तैयारियों का लिया जायजा

**रांचीः** राजधानी रांची में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री, एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन द्वारा बाइक से कल देर रात रांची शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा एवं रांची शहर के प्रमुख चौक-चौराहो के विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर), रांची, पारस राणा, तथा पुलिस उपाधीक्षक (शहर), सदर एवं सम्बंधित थाना प्रभारी एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस निरीक्षण में राजधानी के बकरी बाजार, अल्बट 'एक्का चौक, ओसीसी क्लब, बांग्ला स्कूल, हरमू चौक, बूटी मोड़, राजस्थान मित्र मंडल, सत्य अमर लोक, हरमू ,चर्च रोड, रांची पूजा पंडालों का दौरा किया।

दुर्गा पूजा के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त भजन्त्री ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, और अन्य आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, और स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया। साथ ही, उन्होंने पूजा समितियों के आयोजकों से मुलाकात कर उनकी तैयारियों और चुनौतियों पर चर्चा की। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। रंजन ने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों, पुलिस पिकेट्स और गश्ती दल की प्रभावी तैनाती पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुर्गा पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और निरंतर निगरानी करते रहे।

# आकर्षक पूजा पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, सजावट व बिजली की जगमगाहट देखने दूर-दूर से आ रहे लोग

**संवाददाता**



**रांचीः** राजधानी रांची समेत राज्य भर में दुर्गा पूजा के छठे दिन बीते रविवार को मां कात्यायनी की पूजा हुई और पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यह पर्व मनाया जा रहा है।

राजधानी रांची के प्रमुख इलाकों में स्थापित भव्य पूजा पंडालों ने एक बार फिर से सांस्कृतिक और धार्मिक समृद्धि का परिचय दिया है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आकर्षक प्रतिमाओं को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पंडालों की सजावट, बिजली की जगमगाहट और सुरक्षा व्यवस्था ने रांची के त्योहार को और भी खास बना दिया है। राजधानी के कई पूजा पंडालों के पट शुक्रवार और शनिवार को खुल गये। वहीं आज भी कई पूजा पंडाल खुले। इनमें सत्य अमर लोक दुर्गा पूजा समिति हरमू रोड, बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति, नेताजी नगर दुर्गा पूजा समिति कांटाटोल शामिल हैं। आकर्षक पंडाल देखने के लिए लोगों की जबरजस्त भीड़ लगनी शुरू हो गई। हर पंडाल अपनी खास थीम और सजावट के साथ भक्तों को मनमोहित कर रहा है। पंडाल समितियों द्वारा लगाए गए रंग-बिरंगे विद्युत लाइट और अलौकिक डिजाइन ने विशेष आकर्षण बढ़ाया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग रेलिंग लगाई गई हैं ताकि भीड़ में व्यवधान या परेशानी न हो। साथ ही हर पंडाल में सुरक्षा कर्मी और कार्यकर्ता सावधानी से तैनात हैं, जो भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए हुए हैं।

रांची के अधिकांश पंडालों में मां दुर्गा के साथ शिव परिवार, मां सरस्वती, गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। इस बार सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए कई पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से 40 सुरक्षा गार्ड और 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा का बेजोड़ इंतजाम देखने को मिल रहा है। शहर में सुरक्षा को लेकर इस बार दो कंपनी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ 5000 से अधिक पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। रांची जोन के आईजी मनोज कौशिक की अध्यक्षता में शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई जिसमें कौशिक ने बताया कि पूजा आयोजकों के साथ समन्वय बैठक कर गाइडलाइन साझा की जाएगी। प्रशासन की ओर से पूजा पंडालों के पास अस्थायी कंट्रोल रूम और क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात करने की तैयारी है। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुरुष पुलिसकर्मी के साथ-साथ महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

### सीपी सिंह ने किया श्री गौरा आयुर्वेद औषधालय का उद्घाटन , कहा-

# आयुर्वेद आज की जरूरत

रांचीः लोआडीह नामकुम स्थित सिंह कॉम्प्लेक्स में श्री गौरा आयुर्वेद औषधालय का उद्घाटन रविवार को रांची विधायक सीपी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों के अलावा आरजेडीयू के प्रदेश सचिव मनोज कुमार अग्रवाल,कमल चौधरी (झारखंड कैटरिंग संगठन के अध्यक्ष) , महावीर प्रसाद अग्रवाल, उपेंद्र सिंह, राजेश अग्रवाल ,गोपाल लोहिया, महेश अग्रवाल ,सुरजीत बरियल ,मंजू देवी, कोमल अग्रवाल, रत्नेश अग्रवाल, हनी अग्रवाल ,पवन अग्रवाल, शेखर ,अनुपम ,श्रेष्ठ ,बालकृष्ण अग्रवाल, प्रदीप साहू ,धर्मेंद्र सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे



इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने अपनी शुभकामनाएं देने के साथ कहा आयुर्वेद आज की जरूरत है, और श्री गौरा आयुर्वेद औषधालय इस क्षेत्र के लिए वरदान सबित होगा। श्री गौरा आयुर्वेद औषधालय के संचालक( रत्नेश अग्रवाल) ने कहा यहां (वैद्य) डॉ बीके अग्रवाल के अलावा और भी वैद्य सुबह 10:30 बजे से शाम 6बजे तक उपलब्ध रहेंगे, साथ ही रत्नेश अग्रवाल जी ने कहा श्री गौरा आयुर्वेद औषधालय में सभी रोगों की चिकित्सा के अलावा सभी कंपनियों की आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध है।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दीः सेवा, समरसता और पुनरुत्थान का संकल्प

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सौ वर्ष पूरे कर रहा है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इसकी नींव रखी थी। सवाल यह है कि इस संगठन ने भारत के समाज, राजनीति और संस्कृति को क्या दिया और अगले सौ वर्षों में इसकी भूमिका क्या होगी? आलोचक इसे संकीर्ण विचारधारा का संगठन कहते रहे हैं, किंतु समर्थक इसे भारत के सबसे बड़े स्वयंसेवी नेटवर्क के रूप में देखते हैं। तथ्य यह है कि आंकड़े और घटनाएं इसकी व्यापक उपस्थिति और प्रभाव की गवाही देते हैं। सेवा के आंकड़े और अनुभवः आरएसएस की ताकत उसकी सेवा-परंपरा में दिखती है। कोविड-19 महामारी के दौरान सेवा भारती और संघ के स्वयंसेवकों ने 118 कोविड देखभाल केंद्र और 287 आइसोलेशन केंद्र चलाए। 4,193 प्लाज्मा दान की सुविधा दी गई और हेल्पलाइन पर 88 हजार से अधिक कॉल संभाले गए। 92,656 सेवा स्थलों से 73 लाख राशन किट, 45 लाख भोजन पैकेट और 90 लाख मास्क वितरित हुए। क्या ये महज आँकड़े हैं या यह उस संगठन की क्षमता का प्रमाण है जो बिना सरकारी ढांचे के भी लाखों लोगों तक पहुंच बना सकता है? देखा जाए तो यह सेवा केवल कोविड तक सीमित नहीं रही। 1947 में विभाजन के समय शरणार्थी शिविरों में मदद, 1962 और 1971 के युद्धों के दौरान सहयोग, 1984 के दंगों में सिखों को शरण और 2001 के गुजरात भूकंप में पुनर्निर्माण का समय क?यों न रहा हो, ये सभी उदाहरण बताते हैं कि संघ संकट की घड़ी में मौन रहकर काम करता है। यही कारण है कि आलोचना के बीच भी समाज के बड़े हिस्से में उसे भरोसे की नजर से देखा जाता है। संगठन का फैलावः मार्च 2025 तक संघ की शाखाओं की संख्या 83 हजार से अधिक हो चुकी है। इनमें 52 हजार दैनिक और 22 हजार साप्ताहिक शाखाएं शामिल हैं। एक वर्ष में शाखाओं की संख्या में 10 हजार की वृद्धि दर्ज हुई है। यह निश?चित तौर पर संगठनात्मक रूप से सामाजिक आधार की मजबूती का संकेत है। शताब्दी और पंच परिवर्तनः संघ ने अपनी शताब्दी पर ह्लपंच परिवर्तनह्व का आह्वान किया है, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्व और कर्तव्य बोध। सवाल यह है कि क्या ये पांच सूत्र केवल आंतरिक नारे हैं या इन्हें समाज के व्यापक विमर्श में बदलने की क्षमता संघ के पास है? सामाजिक समरसता पर संघ की पहल ध्यान देने योग्य है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति और वंचितों के लिए मंदिर प्रवेश अभियान, हाशिए के वर्गों से पुजारियों का प्रशिक्षण, एकल विद्यालयों के जरिए अजजा बच्चों की शिक्षा ये प्रयास दिखाते हैं कि संघ जातिगत विभाजन के मुद्दे को केवल बहस में नहीं, व्यवहार में भी संबोधित करने की कोशिश कर रहा है। जाति विमर्श और ऐतिहासिक संदर्भः आरएसएस बार-बार कहता रहा है कि जाति व्यवस्था जन्म आधारित नहीं, बल्कि गुण और कर्म आधारित थी। भगवद्गीता का हवाला दिया जाता है कि समाज का विभाजन कर्म और स्वभाव से हुआ था। सवाल उठता है कि अगर यह परंपरा इतनी समानतामूलक थी तो समाज में जातिगत भेदभाव क्यों कायम हुआ? संघ का तर्क है कि औपनिवेशिक शासन ने जनगणना और ह्लमार्शल रेसह्व जैसी अवधारणाओं से जातियों को कठोर बनाया। अंग्रेजों ने प्रशासनिक सुविधा के लिए लोगों को जातियों में बाँटा और यह विभाजन समाज में स्थायी हो गया। आलोचक इसे इतिहास का सरलीकरण मानते हैं, किंतु यक इस तथ?य को किसी भी स?तर पर नकारा जा सकता है कि उपनिवेशकालीन नीतियों ने जातीय पहचान को मजबूत किया? स?वभाविक है, नहीं, इसलिए राष?ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस संदर्भ में जो कह रहा है वह सत्य ही है। स्वतंत्रता संग्राम का प्रश्नः आलोचक अकसर पूछते हैं कि संघ ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्या किया। गांधीजी की हत्या के बाद लगा प्रतिबंध आज भी इस प्रश्न को जीवित रखता है। लेकिन संघ के दस्तावेज बताते हैं कि 1930 की पूर्ण स्वराज घोषणा का समर्थन शाखाओं ने किया, 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में विदर्भ के चिमूर-आष्टी विद्रोह में स्वयंसेवक शहीद हुए और अरुणा आसफ अली जैसे नेताओं को आश्रय दिया गया। संघ राजनीतिक मोर्चे पर नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आधार को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। यह रणनीति सही थी या गलत, इसका मूल्यांकन इतिहासकारों के मतभेदों में ही संभव है। पर जो बात साक्ष्यों में बार-बार निकलकर सामने आई है, वह यही है कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन में संघ स्वयंसेवकों का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता के बाद का योगदानः स्वतंत्र भारत में संघ का जोर राष्ट्र निर्माण पर रहा। विद्या भारती, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संगठनों ने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में बड़ा नेटवर्क खड़ा किया। आपदाओं के समय राहत पहुंचाने में संघ की तत्परता ने उसे स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता दिलाई। दार्शनिक स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय का ह्लएकात्म मानववादह्व और दत्तोपंत ठेंगड़ी का वैकल्पिक आर्थिक चिंतन संघ से जुड़े विचारकों की देन है। इन विचारों ने भारत को पूंजीवाद और समाजवाद के बीच तीसरा रास्ता सुझाने की कोशिश की। आलोचना और प्रतिबंधः गांधीजी की हत्या के बाद 1948, आपातकाल के दौरान 1975 और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1992 में संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगा। हर बार वह और मजबूत होकर लौटा। आलोचक इसे राजनीतिक संरक्षण मानते हैं, समर्थक इसे संगठन की आंतरिक शक्ति। सच्चाई निशचित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार में है जो भारत माता के लिए अपना सवस्व समर्पण कर देने की प्रेरणा सतत देती है। इसलिए संघ ने स्वयं को राजनीतिक दल की तरह नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संगठन की तरह प्रस्तुत किया है। भविष्य की राह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः सवाल यह है कि संघ की अगली सदी कैसी होगी। क्या वह केवल सामाजिक संगठन बना रहेगा या वैश्विक भारत के एजेंडे में भी भूमिका निभाएगा संघ का कहना है कि भविष्य की चुनौतियां केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, मीडिया और डेटा केंद्रों में होंगी। युवाओं से अपेक्षा है कि वे कौशल और सेवा में योगदान दें, पेशेवर अपनी प्रतिभा को समाज की समस्याओं में लगाएं, माता-पिता बच्चों को गीता और एआई दोनों सिखाएं और बुजुर्ग अनुभव से नई पीढ़ी को दिशा दें। अतः कहना यही होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहली सदी ने आज सिद्ध कर दिया है कि यह संगठन सेवा और समरसता के जरिए समाज को जोड़ने के अपने अथक प्रयास अनेक रूपों में कर रहा है। आलोचना और विवाद उसके साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि लाखों स्वयंसेवकों का निःस्वार्थ योगदान भारत की सामाजिक संरचना को प्रभावित करता रहा है और आज भी कर रहा है। भारत निरंतर शक्ति सम्पन्न जो दिखाई देता है, उसमें स्वयंसेवकों की बहुत बड़ी भूमिका है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत उनके मंत्री परिषद के कई सदस्य स्वयंसेवक हैं, इसका महत्व इसी से समझा जा सकता है। अन्य उदाहरण फिर तमाम है हीं। वस्तुतः संघ की शताब्दी तीन संदेश देती है; पिछली सदी अगर लचीलेपन की थी तो अगली पुनरुत्थान की होगी। पिछली सदी अगर जागृति की थी तो अगली क्रियाशीलता की होगी। पिछली सदी अगर अस्तित्व की थी तो अगली नेतृत्व की होगी। सवाल यही है कि जब इतिहास हमें पुकारेगा, तब हम दर्शक बनेंगे या सहभागी। भारत माता तालियां नहीं, कर्म मांगती है। सौ वर्ष पूरे करने के बाद संघ ने जो संकल्प लिया है, वह केवल उसका नहीं, पूरे समाज का है। अब देखना यही होगा कि अगली सदी में यह संगठन ह्लमौन तपस्वी साधक बनकरह्व भारत को कितनी शक्तिशाली दिशा में लेकर जाता है!

# नैनीताल की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है सरकार

> उच्च अधिकारियों के स्थलीय भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला प्रारंभ हो गया, लेकिन नैनीताल की अति संवेदनशील पहाड़ियों में हो रही भू-गर्भीय प्रक्रियाओं को जानने-समझने के लिए ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित ऑब्जर्वेटरी और ऑब्जर्वेशन पिलरों की सुध लेने की किसी ने भी आवश्यकता नहीं समझी। आज से करीब एक सौ बयासी साल पहले करीब आधा दर्जन प्रकृति प्रेमी अंग्रेजों ने भारत में नैनीताल नाम के एक नए हिल स्टेशन को बसाना प्रारंभ किया।

**प्रयाग पाण्डे**

कहावत है कि 'घर में बारात आने के बाद पानी के लिए कुआं खोदना।' यानी अदूरदर्शी और तदर्थवादी सोच। घर में बारात आने के बाद पानी के लिए कुआँ खोदने का उपक्रम होगा तो इस स्थिति में अफरा- तफरी होना स्वाभाविक है। हमारी सरकारें और सरकारी मशीनरी घर में बारात आने के बाद ही कुआं खोदने की अभ्यस्त होती चली जा रही है। सरकार संभावित समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम सुरक्षा उपायों को अमल में लाने के बजाय समस्या के मुंह बाए खड़े हो जाने के बाद ही समस्याओं से निपटने के उपाय खोजने की आदी हो गई है। संबंधित सरकारी विभागों को भी ऐसी आपाधापी रास आने लगी है। पिछले पखवाड़े नैनीताल की निचली मालरोड में हुए भू-धंसाव के बाद पूरी सरकारी मशीनरी यकायक चौकन्नी हो गई। उच्च अधिकारियों के स्थलीय भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला प्रारंभ हो गया, लेकिन नैनीताल की अति संवेदनशील पहाड़ियों में हो रही भू-गर्भीय प्रक्रियाओं को जानने-समझने के लिए ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित ऑब्जर्वेटरी और ऑब्जर्वेशन पिलरों की सुध लेने की किसी ने भी आवश्यकता नहीं समझी। आज से करीब एक सौ बयासी साल पहले करीब आधा दर्जन प्रकृति प्रेमी अंग्रेजों ने भारत में नैनीताल नाम के एक नए हिल स्टेशन को बसाना प्रारंभ किया। उन्हें नैनीताल की भौगोलिक बनावट, सुंदरता और आबोहवा अपने वतन जैसी लगी। उन्होंने अपने ऐशगाह के रूप में नैनीताल को बसाया। अंग्रेजों ने वह सब व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे यहां की आबोहवा, खूबसूरती और सुरक्षा बनी रहे। ब्रिटिश हुक्मरानों ने नैनीताल में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों से संरक्षणात्मक उपाय भी किए। 1947 में देश साम्राज्यवादी जकड़न से स्वतंत्र हुआ। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। अंग्रेज यहां की पहाड़ियों के नाजुक मिजाज से वाकिफ थे। उन्होंने नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को भू-स्खलन से सुरक्षित रखने के लिए एक विस्तृत एवं नायाब नाला तंत्र विकसित किया। भूकंप और भारी वर्षा के कारण भू-धंसाव, पहाड़ियों में बदलावों, हलचलों, दरारों और पत्थर गिरने आदि प्राकृतिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर और ऑब्जर्वेटरियां बनाई। आज इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों का कोई पुरसहाल नहीं है। इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों को पुनर्स्थापित करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ब्रिटिश काल में बने ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों को आधुनिक तकनीक के साथ पुनर्स्थापित करने का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड शासन में धूल चाट रहा है।

15 जुलाई,1892 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध की सरकार द्वारा जारी शासनादेश संख्या-सी.1835 (बी.आर.) के तहत नैनीताल की पहाड़ियों में संभावित भू-गर्भिक हलचलों पर नजर रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर बनाने के आदेश दिए गए थे। इस आदेश के बाद नैनीताल नगर में प्रत्येक एक हजार फीट की दूरी में 84 से अधिक ऑब्जर्वेशन पिलर बनाए गए थे। दो नाप के पिलरों का निर्माण किया गया था। कुछ ऑब्जर्वेशन पिलर दो फीट चौड़े और दो फीट ऊंचे बने थे। जबकि कुछ पिलर चार फीट चौड़े और चार फीट ऊंचे थे। इन सभी पिलरों को सफेद रंग से रंगा जाता था। इसके अलावा ब्लीक हाउस, चड़ता हिल, जसमंडविला और टांकी में ऑब्जर्वेटरियां बनाई गई थीं।अंग्रेजों के समय प्रत्येक वर्ष एक जून से 15 अक्टूबर तक ऑब्जर्वेशन पिलरों की नियमित जांच की जाती थी। चूंकि भू-स्खलन के लिहाज से शेर-का-डांडा, नैना पीक, मनोरा क्षेत्र एवं कैलाखान की पहाड़ियां और राजभवन के पीछे के दक्षिणी ढलान को प्रारंभ से ही संवेदनशील माना जाता रहा है, इसलिए ब्लीक हाउस और चड़ता हिल पहाड़ी में अवस्थित पिलरों की प्रतिदिन जांच की जाती थी। बरसात के दिनों में शेर-का-डांडा , कैलाखान और डिपो रोड (नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग) का प्रतिदिन मुआयना करना अनिवार्य था। एक पखवाड़े में एक बार सभी पिलरों की जांच किया जाना अनिवार्य था। साढ़े तीन इंच से अधिक वर्षा होने पर सभी ऑब्जर्वेशन पिलरों का अविलंब मुआयना और जांच की जाती थी।पिलरों में आई दरारों की हर सप्ताह जांच होती थी, इसका बाकायदा चार्ट बनता था। सप्ताह में एक बार सहायक अभियंता और महीने में एक बार अधिशासी अभियंता द्वारा ऑब्जर्वेशन पिलरों की जाँच किया जाना आवश्यक था। बरसात खत्म होने के बाद सभी ऑब्जर्वेशन पिलरों की दरारों का अध्ययन कर उनकी मरम्मत कर दी जाती थी। इस व्यवस्था से सरकारी अमला पहाड़ में हो रही भू-गर्भीय हलचलों से बा-खबर रहता था। संभावित खतरों के मद्देनजर यथासमय सुरक्षा इंतजाम कर लिए जाते थे। कुछ दशक पूर्व तक यही व्यवस्था लागू रही। समय के साथ सब बदल गया। साल 2018 में पीडब्ल्यूडी को इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों की याद आई। पीडब्ल्यूडी ने इनको पुनर्स्थापित करने का निर्णय लिया। भौगोलिक परिस्थितियों में आए हालिया बदलावों के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी ने चार ऑब्जर्वेटरी और एक सौ ऑब्जर्वेशन पिलर बनाने की आवश्यकता बताई। इसके लिए 21.74 लाख रुपये का स्टीमेट बनाया। पीडब्ल्यूडी ने अंग्रेजी शासन काल की तर्ज पर ऑब्जर्वेशन पिलरों की निगरानी के लिए एक सहायक अभियंता, दो अपर सहायक अभियंता, दो सर्वेक्षक और छह अनुरक्षकों की तैनाती की आवश्यकता बताई। 26 फरवरी, 2018 को हिल साइड सेफ्टी कमेटी ने इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी। हिल साइड सेफ्टी कमेटी, अंग्रेजी शासनकाल में गठित एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति है। ब्रिटिश सरकार ने 6 सितंबर,1927 को जारी आदेश संख्या 163-सी द्वारा हिल साइड सेफ्टी कमेटी का गठन किया था। कुमाऊं के कमिश्नर इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। कभीनैनीताल की पहाड़ियों, झील समेत संपूर्ण नगर की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व इसी विशेषज्ञ समिति का होता था।

# जियो पॉलिटिक्स का नया हथियार बना टैरिफ

> वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा उजागर अमेरिकी प्रशासन के आंतरिक दस्तावेज बताते हैं कि ट्रंप ने टैरिफ को स्विस आर्मी नाइफ की तरह इस्तेमाल किया है, जो एक ऐसा बहुउद्देशीय औजार है जिससे एक साथ कई काम किए जा सकते हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नीति का मामला नहीं, निश्चित ही वैश्विक कूटनीति, सामरिक समीकरण और यहां तक कि वर्तमान दौर में यह निजी व्यावसायिक हितों के लिए आर्थिक हथियार के प्रयोग का उदाहरण बन गया है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

टैरिफ, जिसे अब तक केवल व्यापार घाटा सुधारने या घरेलू उद्योगों की रक्षा के आर्थिक औजार के रूप में देखा जाता था, डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में एक नए रूप में उभरकर सामने आया है, आज यह जियो पॉलिटिक?स का नया हथियार बनकर उभरा है । वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा उजागर अमेरिकी प्रशासन के आंतरिक दस्तावेज बताते हैं कि ट्रंप ने टैरिफ को स्विस आर्मी नाइफ की तरह इस्तेमाल किया है, जो एक ऐसा बहुउद्देशीय औजार है जिससे एक साथ कई काम किए जा सकते हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नीति का मामला नहीं, निश्चित ही वैश्विक कूटनीति, सामरिक समीकरण और यहां तक कि वर्तमान दौर में यह निजी व्यावसायिक हितों के लिए आर्थिक हथियार के प्रयोग का उदाहरण बन गया है। जो डोनाल्ड ट्रंप, सार्वजनिक मंचों पर टैरिफ को ह्यअमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षाह्ण और ह्यन्यायपूर्ण व्यापारह्ण का अनिवार्य साधन बताते थे, पर दस्तावेज दिखाते हैं कि असल मकसद उनका कई बार अलग होता था। व्यापार वार्ताओं में ऐसे मुद्दे जोड़ दिए जाते, जिनका पारंपरिक रूप से शुल्क समझौतों से कोई लेना-देना नहीं होता, जैसे रक्षा अड्डों की अनुमति, सैन्य तैनाती का समर्थन, पर्यावरण नीतियों में बदलाव या हथियार खरीद की शर्तें। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत समझ को बदल देने वाला कदम है। भारत इसका प्रमुख उदाहरण है। वॉशिंगटन पोस्ट की यह रिपोर्ट बताती है कि व्हाइट हाउस ने भारत पर अमेरिकी रक्षा उपकरण खरीदने और अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने का दबाव बनाने के लिए टैरिफ को हथियार बनाया। रूस से कच्चा तेल खरीदने के बहाने 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी गई, जिसे बाद में लागू भी किया गया। भारत से अपेक्षा थी कि वह न केवल रक्षा बजट बढ़ाए बल्कि सामरिक मुद्दों पर अमेरिका के साथ पर्याप्त रूप से संरेखित हो, ताकि टैरिफ में रियायत मिले। यह दबाव अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा था, जिसका लक्ष्य भारत को रूस से दूर करना और चीन के खिलाफ गठजोड़ में मजबूती लाना था। यह नीति केवल भारत तक सीमित नहीं रही। दक्षिण कोरिया से रक्षा खर्च 2.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.8 प्रतिशत करने और अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर अधिक खर्च वहन करने की मांग की गई। प्रारंभिक मसौदों में सियोल से चीन के खिलाफ सार्वजनिक बयान जारी करने तक का सुझाव था। कंबोडिया पर 49 प्रतिशत टैरिफ की धमकी देकर अमेरिकी नौसेना को वहां के रियाम नेवल बेस पर प्रशिक्षण अभ्यास की अनुमति दिलाने का प्रयास हुआ। ब्राजील को चेतावनी दी गई कि अगर पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं रोकी गई तो 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा। कोलंबिया में अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल किया गया। रिपोर्ट का एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ मौकों पर निजी कंपनियों, जैसे ऊर्जा क्षेत्र की शेवरॉन और एलन मस्क की स्टारलिंक के लिए अन्य देशों से रियायतें दिलाने के विकल्पों पर चर्चा की। यह अंतरराष्ट्रीय नीति और कॉर्पोरेट हितों के खतरनाक मेल का संकेत देता है। वस?तुतः इसीलिए आज अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय में 25 साल काम कर चुकीं वेंडी कटलर कहती हैं कि उन्होंने पहले कभी किसी व्यापार समझौते में इस तरह की शर्तें नहीं देखीं। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत ह्लनॉर्म्सह्व से एक बड़ा विचलन था, जो विश्व व्यापार संगठन (डब?ल?यूटीओ) जैसी संस्थाओं की भूमिका और वैश्विक व्यापार व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। इसे अब हम भारत के संदर्भ में और अधिक गंभीरता से देख सकते हैं; वस?तुतः भारत के लिए यह नीति कई स्तरों पर चुनौती है। पहली- रणनीतिक स्वायत्तता की रक्षा। भारत दशकों से बहुध्रुवीय कूटनीति अपनाता रहा है, जिसमें रूस, अमेरिका, यूरोप, जापान और खाड़ी देशों के साथ संतुलन साधा जाता है। अमेरिकी दबाव इस संतुलन को बिगाड़ सकता है। स्वायत्तता की रक्षा के स?तर पर यह भारत को कमजोर करने वाली है। दूसरी- ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में। रूस से सस्ता कच्चा तेल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अहम है; टैरिफ धमकियां इस आपूर्ति को बाधित कर सकती हैं। हालांकि अभी ऐसा हुआ नहीं, पर कोशिश तो यही है। तीसरी बात यह कि रक्षा खरीद में विविधता के स?तर पर केवल अमेरिकी हथियारों पर निर्भरता तकनीकी और रणनीतिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकती है। जिसके लिए ड्रंप ने अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। यह एक तथ्य है कि आर्थिक साधनों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव के लिए नया नहीं है। औपनिवेशिक दौर में व्यापार रियायतें राजनीतिक नियंत्रण का औजार थीं। शीत युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ ने सहायता, हथियार और व्यापार समझौतों को सामरिक प्रभाव के लिए इस्तेमाल किया। फर्क यह है कि ट्रंप युग में यह सब खुले तौर पर, व्यापक पैमाने पर और निजी कॉर्पोरेट हितों के साथ जुड़कर हो रहा है। कहना होगा कि ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया दौर शुरू किया है, जिसमें आर्थिक औजारों को राजनीतिक और सामरिक लक्ष्यों के लिए खुलकर प्रयोग किया जा रहा है। भारत जैसे देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे इस नई हकीकत को समझें, उसके अनुरूप अपनी रणनीति बनाएं और आत्मनिर्भरता के साथ-साथ बहुआयामी कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करें। अतः कहना होगा कि टैरिफ अब सिर्फ व्यापार संतुलन का साधन नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सक्रिय हथियार है, ऐसे में इसकी समझ और जवाबदेही ही किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति की मजबूती का पैमाना होगी। इस स्थिति से निपटने के लिए फिलहाल तो भारत को यही कारणा है कि वह बहुआयामी नीति अपनाए। ऊर्जा और रक्षा आयात के स्त्रोतों में विविधता लेकर आए। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों, अफ्रीका, लातिन अमेरिका और मध्य एशिया के साथ नए संबंध, ₹मेक इन इंडियाₐ के तहत रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण, और संगठन 19 सम्प्रभु राज्य, अफ्रीकीय संघ और यूरोपीय संघ के जी-20, ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संयुक?त संघ ब्रिक्स जैसे मंचों पर टैरिफ के दुरुपयोग के खिलाफ नियम बनाने की पहल करने के लिए आगे आए। अभी लगता नहीं कि डोनाल?ड ट्रंप अपने निर्णयों से पीछे हटने वाले हैं। उनके प्रशासन का टैरिफ इस्तेमाल करने का तरीका अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए युग की शुरूआत का संकेत है, जिसमें कि वही देश अब सफल होगा जो आत्मनिर्भरता और बहुआयामी कूटनीति की महत्ता पहले से समझ कर उस पर चलता रहा है और जिसके यहां स्वदेशी नीति प्रभावी है ।

## शारदीय महा दुर्गाष्टमी व्रत आस्था एवं मनोकामनाओं की पूर्ति का है प्रतीक

नवरात्रि की महादुर्गाष्टमी पर मां महागौरी की पूजा अत्यंत कल्याणकारी मानी जाती है। इस दिन मां महागौरी की आराधना से मनोवांछित फल, आरोग्य और पुण्य मिलते हैं। शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के दिन अगर भक्त के हृदय में सच्ची साधना की अभिलाषा विद्यमान हो, तो भगवती उसे जीवन के समस्त सुख-सुविधा प्रदान करती हैं तो आइए हम आपको महाष्टमी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। शारदीय महा दुर्गाष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है, जो आदिशक्ति का एक स्वरूप हैं। वे पवित्रता, शांति और सादगी का प्रतीक मानी जाती हैं। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां दुर्गा ने चंड, मुंड और रक्तबीज जैसे असुरों का वध किया था। वैदिक पंचांग के अनुसार, मंगलवार 30 सितंबर को शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि है। इस शुभ अवसर पर देवी मां गौरी की भक्ति भाव से पूजा की जाएगी। साथ ही मां गौरी के निमित्त व्रत रखा जाएगा। अष्टमी तिथि पर संधि पूजा भी की जाती है।वैदिक पंचांग के अनुसार, 29 सितंबर को शाम 04 बजकर 32 मिनट पर आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरूआत होगी। वहीं, अष्टमी तिथि का समापन 30 सितंबर को शाम 06 बजकर 06 मिनट पर होगा। महा अष्टमी का व्रत 30 सितंबर को रखा जाएगा। 30 सितंबर को संधि पूजा संध्याकाल में 05 बजकर 42 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 30 मिनट तक है।

#### शारदीय महाष्टमी पर पूजा करने पर मिलता है विशेष लाभ

हिन्दू मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां दुर्गा की पूरे मन से पूजा करने का विशेष लाभ मिलता है। अगर आप देवी की कृपा पाना चाहते हैं, तो इस दिन मां दुर्गा के 108 नामों का जप करना चाहिए। शास्त्रों में कहा गया है कि सच्चे मन से मंत्रों का जप करने से माता रानी अपने भक्तों की हमेशा रक्षा करती हैं और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लाती हैं। जिससे भक्तों को आध्यात्मिक शांति और मानसिक संतुलन की प्राप्ति होती है। यह व्रत न केवल पूजा-पाठ का अवसर देता है बल्कि आस्था और मनोकामनाओं की पूर्ति का भी प्रतीक है।

#### शारदीय महाअष्टमी पर होती है महागौरी की पूजा

शारदीय नवरात्र की महाष्टमी के दिन नवदुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव की प्राप्ति के लिए इन्होंने कठोर पूजा की थी, जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। जब भगवान शिव ने इनको दर्शन दिया तब इनकी कृपा से इनका शरीर गौर हो गया।

#### महाअष्टमी पर ये करें मिलेगा लाभ

महाअष्टमी या दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। हालांकि, इस दिन ही कई लोग हवन करके कन्या पूजन करते हैं। जिनके घर में अष्टमी पूजन किया जाता है वह सप्तमी के दिन उपवास रखकर अष्टमी में कन्या पूजन के बाद व्रत का पारण करते हैं और जिन लोगों के घर में नवमी का पूजन होता है वह अष्टमी तिथि के दिन व्रत रखकर नवमी में ही कन्या पूजन कर लेते हैं।

#### अष्टमी और महाअष्टमी का महत्व

मान्यताओं के अनुसार, अष्टमी तिथि के दिन महागौरी का पूजन किया जाता है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तप किया था। तपस्या का दौरान मां केवल कंदमूल फल और पत्तों का आहार करती थीं। इसके बाद वह सिर्फ वायु पीकर की तप करने लगीं। उनके कठोर तप से उन्हें महान गौरव

## रेसिपी

### स्वाद ही नहीं सेहत के लिए भी अच्छी होती है सोया करी

**सोया** प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स है। जोकि मांसपेशियों की ग्रोथ और मरम्मत के लिए काफी जरूरी होता है। सोया में फाइबर, मिनरल्स और विटामिन की भरपूर मात्रा पाई जाती है। यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने से लेकर हड्डियों को मजबूत करने तक कई तरह से फायदा देता है। कई लोग सोया चंक्स की कई डिशेज बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोया करी ट्राई की है। यह स्वाद के साथ सेहत के लिए भी लाजवाब होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ सोया करी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सामग्री** : सोया चंक्स- एक कप
पानी उबालने के लिए
नमक- 1/2 चम्मच (सोया उबालने में)
प्याज- 2 बारीक कटा हुआ
टमाटर- 2 बारीक कटा या प्यूरी
अदरक-लहसुन का पेस्ट- डेढ़ चम्मच
हरी मिर्च बारीक कटी हुई
तेल- 2-3 चम्मच
जीरा- आधा चम्मच
हल्दी- पाउडर आधा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- एक चम्मच
धनिया पाउडर- डेढ़ चम्मच
गरम मसाला- आधा चम्मच
कसूरी मेथी- एक चम्मच
नमक स्वादानुसार
हरा धनिया गार्निशिंग के लिए

#### ऐसे बनाएं

सबसे पहले 3 कप पानी में थोड़ा सा नमक डालकर सोया चंक्स को उबाल लें। फिर उबलते पानी में सोया चंक्स डालें और 8-10 मिनट तक पकाएं। इसके बाद पानी निकाल लें और ठंडे पानी से धोलें। अब सोया चंक्स को दबाकर सारा पानी निचोड़ दें और एक कड़ाही में तेल गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें जीरा डालें और तड़कने दें। फिर अदरक-लहसुन का पेस्ट, प्याज और हरी मिर्च डालकर भूनें। जब यह सुनहरा भुन जाए तो सभी मसाले मिक्स करके डालें और तब तक भूनें, जब तक मसाले तेल न छोड़ने लगे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## प्रशासन की टीम ने किया हजारीबाग जेल का औचक निरीक्षण



**हजारीबाग :** जिला प्रशासन की टीम ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया. इसका नेतृत्व हजारीबाग सदर एडीपीओ अमित आनंद ने किया. लगभग 2 घंटे तक टीम ने जेल का कोना-कोना खंगाला. हालांकि इस दौरान जेल से कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है. निरीक्षण के दौरान सदर एसडीओ, पांच मजिस्ट्रेट और भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे.

जेल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि हजारीबाग जेल का निरीक्षण किया गया है. दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह निरीक्षण किया गया है. जेल में कई शातिर अपराधी भी बंद हैं. ऐसे में हजारीबाग जेल की सुरक्षा काफी अहम है. यही कारण है कि समय-समय पर जेल का औचक निरीक्षण किया जाता है.

त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट

गौरतलब हो कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान कोई खलल न पड़े इसे लेकर प्रशासन की टीम ने हजारीबाग जेल का औचक निरीक्षण किया. हालांकि प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा को लेकर शहर से लेकर गांव तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. वहीं दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है. प्रशासन ने लोगों से त्योहारों के दौरान सचेत रहने की अपील की है. साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की है.

## तीन प्राथमिक अभियुक्त बिहार से गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के किशन प्रसाद निवासी विकास मंडल हत्याकांड के मामले में थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने कांड में शामिल तीन प्राथमिक अभियुक्त को बिहार से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2024 में किशन प्रसाद निवासी विकास मंडल की हत्या कर दिया गया था। इसके बाद मामला दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुड़ गई। अनुसंधान के क्रम में श्रावण कुमार,उपेन्द्र दास,बबलु दास की संलिप्तता पाई गई और यह लोग घटना को अंजाम देने के बाद लंबे समय से फरार चल रहे थे। मुफस्सिल पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार के बांका में छापेमारी करते हुए उपेंद्र दास को गिरफ्तार किया है।जबकि श्रावण कुमार,बबलु दास को बिहपुर से गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया हैं।

## पूजा पंडाल में विराजमान हो जाएगी मां दुर्गा



**साहिबगंज :** नवरात्री के सातवें दिन आज दुर्गा मां के सातवें स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। वही शाम में शहर सहित जिला के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में बेलभरनी निमंत्रण पूजन किया जाएगा। कल अहले सुबह कलश वारी यात्रा नवपत्रिका रूपी नवदुर्गा पूजन यात्रा शहर सहित जिला भर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों से निकलकर स्थानीय गंगा तट सरोवर पहुंचकर नवपत्रिका रूपी नवदुर्गा का विधिवत पूजन करके कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचे। मंदिर में महा सप्तमी मां कालरात्री की पूजा अर्चना की जाएगी। वही आज देर रात्री दुर्गा मां सवाहन सपरिवार पूजा पंडाल में विराजमान हो जाएगी और भक्तों के लिए मां दुर्गा का पट खुल जाएगा। सभी पूजा समिति की ओर से आकर्षक विद्युत साज सज्जा करके, भव्य पंडाल का निर्माण करके भक्तों को अपनी और आकर्षित कर रही है।

## निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने वाला सामान मिलेगा : चौधरी

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय के नगर थाना के समीप जय श्री बालाजी मार्बल के शोरूम का उद्घाटन कांग्रेस नेता आदित्य यादव कलिंगा होटल के ओनर अमित कुमार यादव एवं उनकी धर्मपत्नी पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस मौके पर जय श्री बालाजी मार्बल शोरूम के प्रोपराइटर प्रकाश चौधरी ने आए हुए मुख्य अतिथियों को बुके एवं शॉल देकर स्वागत किया।इस मौके पर जय श्री बालाजी मार्बल शोरूम के प्रोपराइटर प्रकाश चौधरी ने बताया कि साहिबगंज शहर के लोगो को अब उचित मूल्य पर टाइल्स मार्बल सहित कई प्रकार की निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने वाले सामान मिलेगा है।मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश यादव,अमित शर्मा,संजय पांडे,मदनकांत झा,जयप्रकाश सिन्हा,पीयूष कुमार,राजेंद्र कुमार,राजेश यादव सहित शहर के गण्यमन लोग उपस्थित थे।

## 314 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर से शनिवार की रात में विभिन्न ब्रांड के 314 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। शराब के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पहचान, बिहार के पटना जिले के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी रवि रघुवीर कुमार और राजीव नगर निवासी शिवम कुमार उर्फ मेंटल तथा मोतिहारी जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के नरहा गांव निवासी निर्मल कुमार भारती, झारखंड के पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के महुओना निवासी शुभम कुमार उर्फ नयन कुमार चौबे एवं उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ लीलापुर थाना क्षेत्र के प्रतापगढ़ निवासी आशीष पाल के रूप में की गई है।

पुलिस ने बताया किआरोपियों के पास से अंग्रेजी शराब के अलावा दो लग्जरी कार, दो फर्जी नंबर प्लेट और सात एंड्रॉयड मोबाइल फोन समेत कई सामान बरामद किया है। शनिवार की रात में हुसैनाबाद के एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब को सूचना मिली कि हुसैनाबाद शहर के एक मैरेज हॉल के समीप दो कार से पहुंचे चार-पांच व्यक्ति रुके हुए हैं।

# आठवां पास करके आस पास हाई स्कूल न होने के कारण बच्चे घरों में बैठ जाते हैं : कौसर आलम

संवाददाता

साहिबगंज:सदर प्रखंड के लालबथानी हाटिया में लालबथानी हाई स्कूल मांग को लेकर एक जनसभा का आयोजन किया।जिस के अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने किया। जिसमें लालबथानी के तमाम छोटे-बड़े ने हिस्सा लिया।वहीं कौसर ने कहा ये जनसभा लालबथानी के उन बच्चों के जो आठवा पास करके आस पास हाई स्कूल न होने के कारण घर बैठ जाते हैं। और उच्च शिक्षा से वंचित हो जातें हैं।और ये सिर्फ जिला प्रशासन की लापरवाही है हर साल जो इस क्षेत्र से 350/450 बच्चे से पास करते हैं।और यहां उच्च विद्यालय न होने के कारण यहां के बच्चे का भविष्य खराब हो रहें हैं सिर्फ और सिर्फ जिला प्रशासन की लापरवाही है।श्री आलम ने कहा उच्च विद्यालय संचालित को लेकर जिला प्रशासन से लगातार 4 वर्ष से उत्क्रमित उच्च विद्यालय लालबथानी को स्थांतरित को लेकर जिला प्रशासन को




लगातार ज्ञापन देने के बाद भी अब तक स्थांतरित नहीं हुआ।वहीं कौसर आलम ने बताया यहां के बच्चे उच्च शिक्षा वंचित रह जायें आखिर क्षेत्र से भेदभाव क्यों न कोई प्रतिनिधि न सांसद न विधायक न जिला प्रशासन न पंचायत के प्रतिनिधि इन लोगों को भी यहां के इन मासूम बच्चों से कोई मतलब नहीं है लेकिन जब युवा जगती है तो सत्ता भी पलट देती ये तो स्कूल है वह भी अपने क्षेत्र का हम कोई भीख नहीं मांग रहीं हैं अपने अधिकार मांग रहे हैं कौसर आलम ने कहा हम अपने अधिकार लेके रहेंगे जिला प्रशासन इस बात को कान में भार ले हम अपने अधिकार मांग रहे हैं कोई भीख नहीं।वहीं इरफान ने कहा ये लड़ाई लालबथानी हाई स्कूल की लड़ाई है और हमलोग हमारा स्कूल स्थानांतरित करवा के रहेंगे।वहीं मुख्तार अहमद ने कहा आंधी आयें या न आये तूफान, संघर्ष की आग सुलगायें रखना हार नहीं मानना डंटे रहना, जीत की प्यास जगाएं रखना और ये भी कहा हमें हमारा अधिकार चाहिए।मौके पर मसूद आलम,मो० इरफान अली,मुख्तार अहमद,मनारूल हक, इनामुल हक,असरफुल हक, मोहतमिम,गुलजार आलम मनिरुल हक, प्रवेज आलम,मसकूर आलम,शमसुल हक,तनवीर आलम,तफाज्जूल हक, मो०अफफान हबीबुर रहमान,अकबर अली,अबु बकर,फिरोज आलम खुर्शीद आलम,ब्रजेश कुमार,सोनू कुमार रमजान अली,विनोद कुमार,मो० कासिम,मो० मोजिबुर रहमान,आदि उपस्थित थे।

# स्टारलिंक एंड विल्सन कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर ने फांसी लगाकर दी जान

## पारिवारिक कलह बनी वजह

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के नरेश नगर वार्ड संख्या 1 में रविवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान उड़ीसा के भुवनेश्वर निवासी 34 वर्षीय विश्व रंजन दास, पिता विष्णु रंजन दास के रूप में हुई है। विश्व रंजन तिलैया डैम स्थित फ्लोटिंग सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट में कार्यरत स्टारलिंक एंड विल्सन कंपनी में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात थे। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम वह अपने किराए के मकान पर लौटे और रोजाना की तरह रात का भोजन करने के बाद साथियों संग बातचीत कर सोने चले गए। सोमवार सुबह जब उनके साथी उन्हें जगाने पहुंचे, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर प्रवेश करते ही देखा गया कि विश्व रंजन दास गमछे के सहारे पंखे से लटककर जीवनलीला समाप्त कर चुके थे। उनके साथियों ने बताया कि रात को ही विश्व रंजन ने उन्हें फोन पर बताया था कि वह काफी परेशान हैं और आत्महत्या करने जा रहे हैं। यह सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी तुरंत कंपनी प्रबंधन और



पुलिस को दी गई। तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक पारिवारिक कलह से परेशान थे। हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं पर भी गहन जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। इधर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। देर रात तक उनके कोडरमा पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इस घटना से कंपनी और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामायण क्विज और डांडिया से गूंजा उत्सव, नन्हें बने राम-सीता-हनुमान

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** महाराणा प्रताप चौक स्थित क्लोरोफिल स्कूल में दशहरा और नवरात्रि पर्व के अवसर पर रामायण आधारित क्विज, डांडिया-गरबा और झाँकियों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उस समय आकर्षक हो गया जब नन्हें-मुन्ने बच्चे राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण के रूप में सजे-धजे स्कूल वैन से उतरे। बच्चियों का महिषासुरमर्दिनी के वेश में अस्त्र-शस्त्र संग प्रस्तुति मनमोहक रही रामायण क्विज में चार टीमों ने भाग लिया। टीम राम (कक्षा 3-4) जिसमें प्रसन्ना वर्मा, अरुणिमा, आदित्य, माही मोदी और आनवी शर्मा शामिल थे, विजेता घोषित हुई। टीम लक्ष्मण में अर्पित राज, अंकुश, आशवी, प्रज्ञान और हिमांशी; टीम भरत में अर्णव राज, आराध्या गुप्ता, आयत श्री, अंशिका कुमारी और निशा भारती; वहीं टीम




शत्रुघ्न में अदिति शर्मा, श्रेयांश, आद्या सिंह, रोहन कुमार और विदित राज ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। क्विज मास्टर की भूमिका शिक्षिका आंचल लड्ढा और टाइमकीपिंग सुलग्ना राय ने निभाई।

क्विज के बाद सभी शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने डांडिया और गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजन की तैयारी में सीमा जैन, नफीसा इमाम, अनुप्रिया भारती, पूनम कुमारी, संपूर्णा दास, अलका कुमारी, हुमा खान और राशि सिंह की अहम भूमिका रही। प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने दशहरे की शुभकामनाएँ देते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया, वहीं निदेशक अजय अग्रवाल पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का अद्भुत उदाहरण बन गया।

# दुर्गा पूजा में शांति व सौहार्द सुनिश्चित करने पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**चंदवारा :** दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग है। रविवार को इंस्पेक्टर सुजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा और शांति का संदेश दिया। इस दौरान उनके साथ सीओ अशोक कुमार भारती, डैम ओपी प्रभारी प्रेम कुमार, एएसआई सुखदेव मुर्मू, रंजीत झा, पूर्व मुखिया धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च डैम



बाजार, चरकी पहरी समेत कई प्रमुख इलाकों से गुजरा और रास्ते में स्थित पूजा पंडालों का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने पूजा समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन ने समिति सदस्यों से अपील की कि वे हर हाल में सहयोग करें ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके। अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा सामूहिक आस्था और सामाजिक एकता का पर्व है। इसे आपसी सहयोग और भाईचारे से मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## साक्षरता चौक काटरगंज का भव्य आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल



**साहिबगंज :** शहर का सबसे भव्य ओर आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल बनाने में पूरे जिला में अपनी अलग पहचान बनाने वाला पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक काटरगंज का भव्य आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करने लगा। लगभग डेढ़ माह में दर्जनों कुशल कारीगरों ने मिलकर इस आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया है। सोशल मीडिया से लेकर शहरवासियों में पूजा समिति ने अपना अलग ही पहचान बनाई है जो भव्य आकर्षक पंडाल ओर भव्य विसर्जन जुलूस के लिए सब जानते हैं। काटरगंज मतलब भव्य आकर्षक पूजा पंडाल, लाइट सजावट, मेला और भव्य विसर्जन जुलूस के लिए जाना जाता है।

# बोकारो स्टील प्लांट में हॉट मेटल चार्जिंग के दौरान बड़ा हादसा, तीन कर्मचारी पर गिरा हॉट मेटल, स्थिति गंभीर

संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के एसएमएस-2 सेक्शन में हॉट मेटल चार्जिंग के दौरान तीन कर्मचारी पर भारी हॉट मेटल गिर गया, जिससे तीनों बुरी तरह से झुलस गए. जिसके बाद सभी कर्मचारियों को तुरंत बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार, यह हादसा उसी जगह पर हुआ है जहां प्लांट के कर्मचारी रोजाना काम करते हैं.

सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप

हादसे के बाद कर्मचारियों की हालत गंभीर होने के बावजूद प्लांट प्रबंधन ने इस पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है. कर्मियों का आरोप है कि यह कोई पहला मामला नहीं है. पिछले कुछ महीनों में यहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर कई बार सवाल उठ चुके हैं.

दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान बोकारो स्टील प्लांट ने देश के विभिन्न




राज्यों और विदेशों में ऑक्सीजन सप्लाई कर लोगों को जीवनदान दिया था लेकिन अब वही प्लांट अपने कर्मचारियों के लिए असुरक्षित जगह बन गई है. काम कर रहे कर्मचारियों के परिवार और सहकर्मी चिंतित हैं. इधर हादसे के बाद से प्लांट प्रबंधन इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है जबकि कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर कई बार चेतावनी दी जा चुकी है.

स्थानीय लोग और कार्यकर्ता इस हादसे पर चिंता जताते हुए कह रहे हैं कि प्लांट की सुरक्षा मानकों में सुधार की आवश्यकता है. उन्होंने बताया कि केवल बड़े दावे और बयान देना पर्याप्त नहीं है. धरातल पर कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए.

इस मामले में बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि स्टील प्लांट में लगातार इस तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं. प्लांट का मैनेजमेंट मशीनों का मेंटेनेंस सही ढंग से नहीं कर रहा है, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है, तीन मजदूर इस घटना में घायल हैं, एक की स्थिति काफी गंभीर है जबकि दो मजदूर काफी झुलस गए हैं. मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए.





# दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

## AI जेनरेटेड तस्वीरों को लेकर की ये अपील

अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। उनका इल्जाम है कि कई प्रोडक्ट उनकी एआई जेनरेटेड तस्वीर बिना इजाजत के इस्तेमाल कर रहे हैं। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अदालत से अपील की है कि उनकी एआई जेनरेटेड तस्वीरों के बेजा इस्तेमाल से उन्हें सुरक्षा दी जाए। ऐश्वर्या राय का कहना है कि उनकी तस्वीरों को बिना उनकी इजाजत के व्यवसायिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने अदालत से अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है।

### ऐश्वार्या की याचिका में क्या है?

ऐश्वर्या राय ने अपनी याचिका में कहा अवास्तविक अंतरंग तस्वीरों का इस्तेमाल कॉफी, मग और अन्य सामान बेचने के लिए किया गया है। जिन स्क्रीनशॉट्स में तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की गई है, वे ऐश्वर्या राय की कभी नहीं थीं। ये सभी एआई जनरेटेड हैं।

लाइव ला ने ऐश्वर्या के वकील संदीप सेठी के हवाले से लिखा वे मेरे संगठन के नाम पर पैसे कमा रहे हैं। यूट्यूब पर जो स्क्रीनशॉट हैं, उनमें छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने ऐसी तस्वीरों को अधिकृत किया है। ये सभी एआई द्वारा उत्पन्न की गई हैं।

वकील ने यह भी आरोप लगाया कि एक सज्जन केवल नाम और चेहरा लगाकर पैसा इकट्ठा कर रहे हैं। उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा, वकील ने यह भी बताया कि राय की तस्वीरें वॉलपेपर और टी-शर्ट पर बिना अनुमति के बेची जा रही हैं।

### हाई कोर्ट आदेश पारित करेगा

तर्कों को सुनने के बाद, दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने मौखिक रूप से संकेत दिया कि वह प्रतिवादियों को चेतावनी देते हुए एक अंतरिम आदेश पारित करेंगे।

### और प्यार हो गया से बॉलीवुड में डेब्यू

ऐश्वर्या राय ने साल 1997 में फिल्म और प्यार हो गया से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। वह कई प्रोडक्ट की ब्रांड एंबेसडर भी रही हैं। फिल्मों के अलावा उन्हें विज्ञापनों से मोटी कमाई होती है। ऐसे में उनका इल्जाम है कि जिन प्रोडक्ट ने उनकी एआई जेनरेटेड तस्वीर इस्तेमाल की उन्होंने इसके लिए उनसे इजाजत भी नहीं ली।

# करियर बर्बाद करने के आरोपों पर पहली बार सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी

**बिग बॉस** 19 के सेकंड वीकेंड का वार पर सलमान खान ने उस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ी जिसे लेकर पिछले काफी सालों से उनपर आरोप लग रहे हैं. अक्सर एक्टर पर लोगों के करियर बर्बाद करने के आरोप लगते हैं, जिसपर अब सलमान ने खुद जवाब दिया है. टीवी के चर्चित और विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के होस्ट सलमान खान अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपने दमदार अंदाज और बेबाक जवाबों की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं. इन दिनों वह बिग बॉस 19 को होस्ट करते नजर आ रहे हैं और हर हफ्ते वीकेंड का वार पर सलमान खान घरवालों की जमकर क्लास लगाते हैं और दर्शकों को भरपूर मनोरंजन का डोज मिलता है. लेकिन बिग बॉस 19 के सेकंड वीकेंड का वार में भाईजान ने सालों से लग रहे अपने ऊपर एक आरोप को लेकर चुप्पी तोड़ी है. बिग बॉस 19 के सेकंड वीकेंड का वार काफी धमाकेदार रहा. रविवार के एपिसोड में एक्ट्रेस और बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट शहनाज गिल मंच पर पहुंचीं. एक्ट्रेस यहां अपने भाई की बिग बॉस के घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री पर उसे सपोर्ट करने के लिए पहुंची थी. इस दौरान वह सलमान खान से हंसी-मजाक के बीच भाई का करियर बनाने की बात कहती हैं. शहनाज ने कहा कि, सलमान सर आपने इतनों के करियर बनाए हैं. सलमान खान ने शहनाज की बात का जवाब देते हुए कहा, लोगों ने मेरा मजाक भी उड़ाया है कि मैंने कितने करियर बर्बाद कर दिए हैं. लेकिन सच कहूं तो, ये मेरे बस की बात नहीं है. आजकल, ये कहना एक ट्रेंड बन गया है, अरे वो किसी का करियर खत्म कर देगा. बताओ, मैंने किसका करियर बर्बाद किया है? और अगर कभी किया भी, तो वो मेरा ही होगा. कई बार, मैं चीजों को हाथ से जाने देता हूं, लेकिन फिर मैं कड़ी मेहनत करते सब कुछ वापस अपने कंट्रोल में कर लेता हूं.

## Salman Khan का जवाब सुनकर दंग रह गए सब

सलमान खान का ये जवाब सुनकर सिर्फ वहां मौजूद लोग ही नहीं बल्कि एक बार को दर्शक भी दंग रह गए. बता दें कि, सलमान पर अक्सर कई एक्टर और एक्ट्रेसेस के करियर बर्बाद करने के आरोप लग चुके हैं. हालांकि, ये सच है या नहीं इसका जवाब अब एक्टर ने खुद ही दे दिया और सबसे ये सवाल भी पूछ लिया कि आखिर उन्होंने किसका करियर बर्बाद किया है.



शाहरुख खान ने दी खुशखबरी

# आर्यन खान की डेब्यू सीरीज की ट्रेलर डेट से उठाया पर्दा

**बॉलीवुड** के किंग शाहरुख खान इन दिनों बेटे आर्यन खान की डेब्यू वेब सीरीज The Bads Of Bollywood को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. आर्यन इस सीरीज के जरिए डायरेक्शन की दुनिया में कदम रख रहे हैं, और अब आखिरकार इसका ट्रेलर रिलीज डेट सामने आ गई है. जिसका खुलासा खुद शाहरुख खान ने अपनी इस पोस्ट से किया है. आइए जानते हैं, कब ट्रेलर रिलीज हो रहा है? शाहरुख खान सोमवार यानी आज बेटे आर्यन खान की सीरिज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयरकर कैप्शन में बेहद शानदार अंदाज में ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की, उन्होंने लिखा- ट्रेलर रिलीज आज ही होने वाला है. साथ में किंग खान ने लिखा- बॉलीवुड के कई रंगज आप क्या इन्हें देखने को तैयार हैं? हालांकि, उन्होंने ट्रेलर रिलीज का समय नहीं बताया है.

# सोशल मीडिया पर एक्सप्रेशन और स्टाइल से त्रिशा कर ने जीता फैंस का दिल



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों तेजी से लोकप्रिय हो रही है और इसके साथ ही इस इंडस्ट्री से जुड़े सितारे भी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं। इनमें से एक नाम है त्रिशा कर मधु का, जो अपने बोल्ड लुक्स, बेबाक अंदाज और दमदार एक्टिंग की वजह से हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। वे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगातार रील्स और फोटोज पोस्ट करती रहती हैं, जिन्हें फैंस का जबरदस्त प्यार मिलता है। सोमवार को उन्होंने एक नया वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे एक भोजपुरी गाने पर लिप सिंक करती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। त्रिशा कर ने इस वीडियो में बेहद खूबसूरत पारंपरिक लुक अपनाया है। उन्होंने सिल्क की लाइट और डार्क पर्पल शेड की साड़ी पहनी हुई है, जो उन पर बेहद फब रही है। उनके इस पहनावे में खास बात यह है कि उन्होंने इसे बहुत आकर्षक ढंग से कैरी किया है। साड़ी के साथ उन्होंने सिल्वर ज्वेलरी पहनी है, जिसमें झुमके, चूड़ियां और एक सिंपल पेंडेंट शामिल है। बाल खुले हैं और हल्के मेकअप में उनका चेहरा दमक रहा है। उनके एक्सप्रेशन और हावभाव से लगता है कि वे न केवल इस गाने पर लिप्सिंक कर रही हैं, बल्कि उसे पूरी तरह महसूस भी कर रही हैं। उनकी एक्टिंग, आंखों के इशारे और बॉडी मूव्स वीडियो को और भी दिलचस्प बना रहे हैं। वीडियो में त्रिशा कर जवानी 4 दिन के गाने पर लिपसिंक कर रही है। इस गाने को श्रृष्टि भारती ने गाया है और इसके बोल इमरान भाई ने लिखे हैं। गाने का संगीत अंकुश कुमार ने तैयार किया है और इसे डायरेक्ट आजाद खान ने किया है।

# आशी सिंह ने उफ्फ ये लव है मुश्किल के कलाकारों के साथ शेयर किया वीडियो

**अभिनेत्री** आशी सिंह इन दिनों उफ्फज ये लव है मुश्किल के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में शो के बाकी कलाकारों के साथ सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। अभिनेत्री ने



इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह शो के कलाकारों के साथ ट्रेंडिंग सॉन्ग कहीं आग लगे लग जावे पर रील बनाती नजर आ रही हैं। आशी ने व्हाइट कलर का सूट पहना हुआ है और गाने के बोल के साथ सटीक एक्सप्रेशन के साथ हुक स्टेप्स करती नजर आ रही हैं। उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, टूटे दिल की पीड़ सही न जाए।



# वाहबिज दोराबजी को स्वाइप कल्चर से लगता है डर, बताया खुद का रिलेशनशिप स्टेटस

**टीवी एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी का 2021 में एक्टर विवियन डीसेना से तलाक हुआ था। विवियन तो अपनी लाइफ में आगे बढ़ गए हैं, लेकिन उनकी पूर्व पत्नी वाहबिज दोराबजी का रिलेशनशिप स्टेटस क्या है, यह फैंस जानना चाहते हैं।**

**हाल** ही में अभिनेत्री वाहबिज दोराबजी ने इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप से लेकर करियर तक के बारे में खुलकर बातें की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें स्वाइप कल्चर से क्यों डर लगता है और वो लाइफ में अब कैसा पार्टनर चाहती हैं। जब वाहबिज दोराबजी से पूछा गया कि क्या वह सिंगल हैं, तो अभिनेत्री ने बताया कि वह इस समय किसी को डेट नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद पर, अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। रिश्तों के मामले में मैं बहुत पुराने जमाने की हूं। मैं 90 के दशक के प्यार में विश्वास करती हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को चाहती हूं जो मेरे जीवन में कुछ अर्थ जोड़े, जो मेरे बराबर का हो, महत्वाकांक्षी हो, फिर भी परिवार के प्रति समर्पित हो। मुझे आजकल के स्वाइप कल्चर से बहुत डर लगता है। अपने करियर के बारे में बात करते हुए वाहबिज दोराबजी ने कहा, मैंने पहली बार प्यार की एक कहानी में अभिनय किया था, मुझे ठीक से साल भी याद नहीं, शायद यह 2011 के आसपास था। एक एक्ट्रेस के तौर पर, तब से मैं काफी आगे बढ़ी हूं। मजेदार बात यह है कि मैं कभी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थी। मैं असल में एक मॉडल बनना चाहती थी।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 भारत का स्वर्ण पदक से शानदार आगाज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही इंडियनऑयल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन भारत ने पदक तालिका में दमदार शुरूआत की। बिहार के पैरा एथलीट सैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप ळ63 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। पदक जीतने के बाद उन्होंने कहा, ह्लघर की भीड़ के सामने स्वर्ण जीतना मेरे लिए गर्व का क्षण है। प्रदर्शन से खुश हूँ और आने वाले टूनार्मेंट में और बेहतर करने का प्रयास करूंगा। सैलेश ह्यखेलो इंडियाह्ल और ह्यटारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (ळडढर)ह्ल के कोर ग्रुप के खिलाड़ी हैं। वे पहले रअकठउडए गांधीनगर और बेंगलुरु में प्रशिक्षण भी ले चुके हैं। इसी





स्पर्धा में भारत के वरुण सिंह भाटी ने 1.85 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता, जबकि राहुल मामूली अंतर से चौथे स्थान पर रहे।

### महिलाओं की 400 मीटर टी 20 में दीप्थी की चमक

भारत की दीप्ति जीवनजी ने महिला 400 मीटर टी20 में 55.16 सेकेंड का समय निकालते हुए रजत पदक हासिल किया। सुबह क्वालीफाइंग दौर में ही उन्होंने सीजन बेस्ट 58.35 सेकेंड बनाया था और फाइनल में उससे भी बेहतर प्रदर्शन किया। दीप्ति पिछले वर्ष पेरिस पैरा ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। वे भी ह्यखेलो इंडियाह्ल और ह्यळडढरह्ल कोर ग्रुप का हिस्सा हैं।

### 100 मीटर T37 स्पर्धा में दो भारतीय फाइनल में

गुजरात के राकेशभाई भट्ट (11.62 सेकेंड, व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ) और उत्तर प्रदेश के श्रेयांश त्रिवेदी (11.94 सेकेंड, व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ) ने पुरुषों की 100 मीटर ळ37 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। वहीं ब्राजील के गॉमेस डी मेंडोंसा रिकाड्रियो ने 11.25 सेकेंड के समय के साथ नया चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया। इस स्पर्धा का फाइनल 28 सितम्बर को होगा।

अन्य परिणाम में पुरुषों की शॉट पुट F37 फाइनल में भारत के मनु 13.43 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे। जबकि महिलाओं की डिस्कस थ्रो F53 में कंचन लखानी ने 9.68 मीटर का थ्रो कर पांचवां स्थान प्राप्त किया, जो उनका सीजन बेस्ट प्रदर्शन रहा।

# पीकेएल-12 : धाकड़ देवांक का लगातार 8वां सुपर-10, बंगाल वॉरियर्स ने पटना पायरेट्स को 6 प्वाइंट्स से हराया

**जयपुर :** कप्तान देवांक (22 प्वाइंट) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो. कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 51वें मैच में पटना पायरेट्स को 48-42 से हरा दिया। बंगाल के लिए इस मैच में देवांक के 22 अंकों के अलावा हिमांशु नरवाल व आशीष ने भी पांच-पांच अंक लिए। वहीं, पटना के लिए अयान ने 15 और मनिंदर ने 12 अंक जुटाए। बंगाल वॉरियर्स की आठ मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 13 अंक लेकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पटना पायरेट्स को आठ मैचों में छठी हार का मुंह देखना पड़ा है। मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स के लिए देवांक दलाल और पटना पायरेट्स के लिए 'माइटी' मनिंदर सिंह ने अपनी-अपनी पूर्व टीम के खिलाफ मल्टी प्वाइंट्स लेकर शानदार शुरूआत की। इसके बाद अयान ने सातवें मिनट में मल्टी प्वाइंट लेकर बंगाल वॉरिय र्स को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-8 तक पहुंचा दिया। इस तरह पटना की टीम पहले 10 मिनट के खेल में 16-11 से आगे हो गई। बंगाल के लिए कप्तान देवांक ने डू ऑर डाई में तीन अंक लेकर अपनी टीम की वापसी करानी शुरू कर दी। उन्होंने इसके साथ अपना लगातार आठवां सुपर-10 भी पूरा कर लिया। पटना पायरेट्स की टीम यहां से ऑलआउट की कगार पर पहुंच गई। अगली ही रेड में मनिंदर भी टैकल कर लिए गए और बंगाल ने पटना पायरेट्स को ऑलआउट करके स्कोर 19-19 की बराबरी पर पहुंचा दिया।

# मुख्यमंत्री साय संत बाबा हरदास राम साहिब जी की बरसी महोत्सव में हुए शामिल

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार की देर रात राजधानी रायपुर के देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम पहुंचे, जहाँ उन्होंने संत शिरोमणि बाबा हरदास राम साहिब जी की 34वीं बरसी महोत्सव में शामिल होकर संत परंपरा को नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने श्री गोदड़ीवाला धाम में स्थापित संत गेला राम साहिब जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेककर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ह्यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे संत शिरोमणि बाबा हरदास राम साहिब जी की बरसी महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। यहाँ देशभर से आए पूज्य संतों के दर्शन का लाभ मिल रहा है। मेरी



कामना है कि छत्तीसगढ़ पर संतों का आशीर्वाद सदा बना रहे और घर-घर में खुशहाली एवं समृद्धि हो। मुख्यमंत्री ने बरसी महोत्सव में पधारे देशभर के संत-महात्माओं का छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि श्री गोदड़ीवाला संत बाबा हरदास राम जी का संपूर्ण जीवन मानव सेवा, त्याग और समर्पण का प्रेरणास्त्रोत रहा है। उनके चरण पड़ने से छत्तीसगढ़ की यह धरा धन्य हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि धाम परिसर में समय-समय पर आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर संत बाबा हरदास राम जी की शिक्षाओं और आदर्शों का जीवंत उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बरसी महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, एकता और सामाजिक सेवा का उत्सव है। संत समाज को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और भगवान श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि राजिम में भगवान श्रीराम और माता सीता द्वारा स्थापित कुलेश्वर महादेव आज भी विराजमान हैं। भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास में से लगभग 10 वर्ष छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर व्यतीत किए। प्रदेशवासी भगवान श्रीराम को आज भी अपना भांजा मानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के दर्शन कराने हेतु ह्यश्री रामलला दर्शन योजनाह्न चला रही है। इस योजना के अंतर्गत पिछले वर्ष 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन किए। बरसी महोत्सव में मुख्यमंत्री के साथ विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरन्दर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नन्द कुमार साहू, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्य सतीश थौरानी, ललित जयसिंह, श्रीचंद सुंदरानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ के मांढर धाम में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल आज करेंगी भक्ति रस की संगीतमयी प्रस्तुति

**मांढर/रायपुर :** शारदीय नवरात्र 2025 के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले के मांढर स्थित मां संतोषी मां वैभवलक्ष्मी धाम भक्तिमय वातावरण में आलोकित है। यहां नौ दिनों तक विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं, जिनमें सुबह से शाम तक भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी, पुष्पों और झालरों से सजाया गया है, जिससे पूरा धाम आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा है। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज सोमवार को विशेष भजन संध्या एवं माता का जागरण आयोजित होगा, जो रात्रि 8 बजे से प्रातः 3 बजे तक चलेगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगी भारत की सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं पद्मश्री सम्मानित अनुराधा पौडवाल (मुंबई), जो अपनी सुरीली आवाज से माता रानी के भजनों की संगीतमयी गंगा प्रवाहित करेंगी। अनुराधा पौडवाल का नाम भारतीय भक्ति संगीत की दुनिया में एक ऊँचा स्थान रखता है और उनके भजनों को सुनना श्रद्धालुओं के लिए दिव्य अनुभव होगा। उनके साथ जबलपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका बाली टाकरे और मां शारदा ग्रुप (जबलपुर) की लोकप्रिय भजन गायिका रिजा खान भी प्रस्तुति देंगी।

## डिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप को नम आंखों से दी विदाई

एजेंसी

**उत्तरकाशी :** डिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप का अंतिम संस्कार केदार घाट गंगा तट में किया गया । इस दौरान सैकड़ों लोगों ने नम आंखों के साथ उन्हें विदाई दी। बता दें कि उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर स्थित गंगोरी-गर्मपानी के बीच लापता सोशल मीडिया से जुड़े स्वतंत्र पत्रकार राजीव प्रताप का शव रविवार को जोशियाड़ा झील के बैराज में मिला। रेस्क्यू अभियान की संयुक्त टीम ने शव को बैराज से बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शिनाख्त व पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान की। पुलिस के अनुसार गत 18 सितंबर की रात्रि राजीव प्रताप अपने एक दोस्त पुलिस में तैनात सोबन सिंह की कार लेकर ज्ञानसू से गंगोरी के लिए करीब 11 बजे रात रवाना हुआ। अगले दिन सुबह तक जब राजीव नहीं लौटा, तो उसके दोस्त ने इसकी जानकारी पुलिस को देकर इसकी खोजबीन शुरू की। दिन में दोस्त का वाहन भागीरथी नदी में मिला लेकिन राजीव प्रताप गाड़ी में नहीं था। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस को दी थी पुलिस ने खोजबीन की लेकिन राजीव प्रताप का कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने एक बार पुनः गहन खोजबीन करने के निर्देश दिये। पुलिस, आपदा प्रबंधन, एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने रविवार को सर्च ऑपरेशन चलाया और जोशियाडा झील में बैराज के पास राजीव प्रताप का शव बरामद किया।

### श्रीनगर में वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की मौत

**श्रीनगर :** सोमवार सुबह श्रीनगर के सनत नगर इलाके में एक वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह सनत नगर में उस समय हुई जब एक वाहन ने स्कूटी सवार एक महिला को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि महिला को गंभीर हालत में पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान जम्मू निवासी अंसार हुसैन खान की पत्नी शार बानू (55) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है।

## कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, चालक फरार

**हरिद्वार :** बीती देर रात एक तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को टक्कर मारी दी। जिससे व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक कलियर थाना क्षेत्र के मेहवड खुर्द उर्फ नागल निवासी इकराम उम्र 40 वर्ष देर रात मेहवड पुल से पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मेहवड के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में सात किशोरियों लापता मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी

**गौतमबुद्ध नगर :** गौतमबुद्ध नगर जनपद के नोएडा के विभिन्न जगहों से 7 किशोरियां लापता हो गई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। बादलपुर थाना प्रभारी अमित भड़ाना ने सोमवार को बताया कि बीती रात छपरौला के रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि उनकी एक स्कूल में पढ़ने वाली 15 वर्षीय बेटी बीती 24 सितंबर की शाम 5:30 बजे से घर से बिना बताए कहीं चली गई है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। थाना फेस 3 के प्रभारी ने बताया कि बीती रात को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 सितंबर से उसकी कक्षा पांच में पढ़ने वाली बेटी (14) घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पीड़ित के अनुसार वह अपनी बेटी को काफी समय से ढूंढ रहे थे। उसने नाते रिश्तेदारों में पता किया लेकिन उसकी बेटी नहीं मिली। मामले की जांच में पुलिस टीम लगाई गई है। थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि बीती रात को एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 सितंबर को वह अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी। जब वह सुबह उठी तो उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से लापता थी। उन्होंने बेटी को काफी ढूंढा लेकिन वह नहीं मिली। महिला ने बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने का शक पंकज पुत्र मनोज पर शक जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। थाना रबूपुरा के प्रभारी ने बताया कि बीती रात को ग्राम आकुलपुर निवासी एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय बेटी को अगवा करने के मामले में हिमांशु, दीपक और वंश त्यागी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार 27 सितंबर को उसकी बेटी मंदिर में पूजा करने गई थी, तभी रास्ते में आरोपितों ने उसे एक कार में बैठाकर अगवा कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बादलपुर थाना प्रभारी अमित भड़ाना ने बताया कि बीती रात को मूल रूप से मधुबनी बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से 21 सितंबर से लापता है। पीड़ित ने उसे काफी ढूंढा वह नहीं मिली। मामले में रिपोर्ट दर्ज करा लापता किशोरी की तलाश में पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। थाना बीटा- दो के निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सेक्टर 36 में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र से भी एक 14 वर्षीय किशोरी लापता हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी तरह बिसरख थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से लापता है। पीड़ित ने एक युवक पर उसको बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाया है। मामले में आरोपित युवक के साथ किशोरी की तलाश की जा रही है।

# शुद्धता की मुहर लगाकर नकली आभूषण बेचने वाला गिरफ्तार

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर :** नकली सोने -चांदी का आभूषण को असली बताकर बेचने वाले नटवरलाल को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह बीए पास है। आरोपी हरियाणा का रहने वाला है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस और



सर्विलांस टीम ने शनिवार की शाम को पंकज कपूर निवासी जनपद पानीपत हरियाणा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। यह इंदिरापुरम के साया अपार्टमेंट में रह रहा था। वह 3 साल से दर्जनो लोगों के साथ ठगी कर चुका था। पुलिस की कुछ दिनों से उसकी तलाश थी। उन्होंने बताया कि आरोपी नकली आभूषणों पर शुद्धता की मोहर लगता था। कई ग्राहकों को ऐसे गहने बेच देता था। आरोपी के पास कोई वैध लाइसेंस या जीएसटी पंजीकरण नहीं मिला। आरोपी गाजियाबाद में दर्ज गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के भाई की ज्वेलरी की दुकान है। सुनार परिवार का होने के कारण उसे सोने-चांदी की जानकारी थी। उन्होंने बताया कि इसके पास से नकली सोने की बने हुए 61 कड़े, 71 अंगूठियां, गले की 25 चेन 26 मंगलसूत्र, 8 ब्रेसलेट, 170 झुमकी, चांदी के नोट, मूर्तियां, 13 कटोरी, खड़ाऊं आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ कई थानों में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में दर्जन भर मुकदमे दर्ज है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का झटका भी लगा, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के इस सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल तेज होती चली गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, टाइटन कंपनी, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.55 प्रतिशत से लेकर 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एक्सिस बैंक, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टूब्रो और



हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.78 प्रतिशत से लेकर 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,161 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,459 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 702 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 162.31 अंक की मजबूती के साथ 80,588.77 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का झटका लगने के कारण थोड़ी ही देर में ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 140 लुढ़क कर 80,448.60 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली के मामूली झटके भी लगते रहे, इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 332.04 अंक की तेजी के साथ 80,758.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 73.85 अंक उछल कर 24,728.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण थोड़ी ही देर में ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 60 अंक टूट कर 24,668.15 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद बाजार में लिवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 104.10 अंक की बढ़त के साथ 24,758.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## बंगाल की जेलों में दुर्गा पूजा पर कैदियों को चार दिनों परोसे जाएंगे विशेष व्यंजन

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की जेलों में दुर्गा पूजा के मौके पर कैदियों के लिए चार दिनों तक विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी सप्तमी से लेकर विजयादशमी तक कैदियों को खास व्यंजन परोसे जाएंगे ताकि वे भी त्योहार की खुशी में शामिल हो सकें। मिली जानकारी के अनुसार, इस बार कैदियों को बिरयानी के साथ-साथ चाइनीज पकवान भी शामिल किए गए हैं। नाश्ते में लूची-पूरी, चाउमीन और अंडे का टोस्ट परोसा जाएगा। सप्तमी (सोमवार) को दोपहर में मछली-भात-तरकारी और रात में चिकन करी दी जाएगी। अष्टमी पर सुबह पूड़ी-तरकारी और खिचड़ी- मिक्स सब्जी दोपहर में वही परोसा जाएगा, जबकि रात को लूची-तरकारी रखी जाएगी। नवमी को दोपहर में चावल, दाल और झींगा तरकारी, जबकि रात में चिकन बिरयानी मिलेगी। विजयादशमी पर दोपहर के भोजन में रोहु मछली और रात को फ्राइड राइस के साथ चिली चिकन परोसा जाएगा। शाकाहारी कैदियों के



लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है, जिसमें वेज बिरयानी, पनीर, दही और आइसक्रीम शामिल हैं। इसके अलावा चारों दिनों में मिठाइयां भी दी जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि कैदियों का जीवन जेल की चारदीवारी तक ही सीमित होता है, लेकिन त्योहार के समय उन्हें भी खुशी का अहसास दिलाने के लिए यह पहल की जाती है। इसी क्रम में जेल परिसरों में दुर्गा पूजा की शुरूआत भी हो चुकी है।

सूत्रों के अनुसार, कोलकाता स्थित प्रेसिडेंसी करेक्शनल होम में इस बार कैदियों ने स्वयं ह्यएकता और विविधताह्न थीम पर पूजा पंडाल की सजावट की है। पंडाल की थीम से लेकर सजावट तक का काम कैदियों ने खुद किया है, जो समाज को एकजुटता का संदेश देता है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पुलिस ने लालपानी बाईपास पर 82.87 ग्राम चरस के साथ युवक को दबोचा

**शिमला :** शिमला पुलिस ने रविवार देर रात लालपानी बाईपास स्लॉटर हाउस के पास गश्त के दौरान 27 वर्षीय जितेंद्र कुमार (निवासी खलिनी, शिमला) को 82.870 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। थाना सदर पुलिस की टीम ने गस्त के दौरान देखा कि एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और अपने हाथ में पकड़ी थैली झाड़ियों की ओर फेंक दी। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को तुरंत पकड़ लिया और थैली की तलाशी ली। तलाशी के दौरान थैली से 82.870 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर युवक की पहचान जितेंद्र कुमार (उम्र 27 वर्ष), निवासी खलिनी, शिमला के रूप में की है। पुलिस के अनुसार बरामद चरस को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना सदर में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। आने वाले दिनों में भी ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बरामद नशे के नेटवर्क और सप्लाई चेन को खंगालने के लिए पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### ग्रैंड स्केल पर रिलीज होगा 'द राजा साब' का ट्रेलर, 105 थिएटर्स में होगी स्क्रीनिंग

रिबेल स्टार प्रभास की बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया हॉरर-फैंटेसी ड्रामा 'द राजा साब' का क्रेज हर नए अपडेट के साथ बढ़ता जा रहा है। पहले ग्लिम्प्स और टीजर ने फैंस का उत्साह आसमान पर पहुंचा दिया था और अब दर्शकों का इंतजार खत्म होने वाला है, फिल्म का ट्रेलर आज शाम 6 बजे रिलीज होने जा रहा है। इस खास मौके पर ट्रेलर को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 105 थिएटर्स में मैस स्क्रीनिंग के जरिए पेश किया जाएगा। विशाखापत्तनम, तिरुपति और कुरनूल जैसे प्रमुख शहरों के सिनेमाघरों में लगभग 600 सीटों वाले हॉल फैंस से खचाखच भर जाएंगे। इस आयोजन को एक भव्य त्योहारी उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी है। थिएटर लॉन्च के साथ ही ट्रेलर पीपल मीडिया फैक्ट्री के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध होगा ताकि देश-विदेश में मौजूद फैंस इस जश्न में शामिल हो सकें। पीपल मीडिया फैक्टरी के बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म पांच भाषाओं, तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। थमन एस के संगीत से सजी 'द राजा साब' में सुपरनेचुरल थ्रिल्स, कॉमेडी और प्रभास की रिबेल स्टार करिश्मा का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। फिल्म में प्रभास के साथ संजय दत्त, जरीना वाहब, निधि अगरवाल, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी और ऋद्धि कुमार जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस मेगा एंटरटेनर को टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद पीपल मीडिया फैक्टरी के बैनर तले बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र के संभाजीनगर में बाढ़ का कहर बरकरार, 400 परिवारों को किया गया स्थानांतरित

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मराठावाड़ विभाग के संभाजीनगर में पिछले दो दिनों से बाढ़ का कहर बरकरार है। भिवगांव, नारायणगांव समेत 12 गाँव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं, जिससे फसलों और करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सोमवार को सुबह तक जिला प्रशासन की टीम ने करीब चार सौ परिवारों को सुरक्षित स्थल पर स्थानांरित किया है। जिले के संरक्षक मंत्री संजय सिरसाट ने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की है। संरक्षक मंत्री संजय सिरसाट और विधायक रमेश बोरनारे ने आज बाढग्रस्त वैजापुर भिवगांव, नारायणगांव आदि गांवों का नाव से दौरा किया। इसके बाद संजय सिरसाट ने पत्रकारों को बताया कि जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ से घिरे गांवों में शासकीय मदद पहुंचाया जा रहा है। बाढ़ की वजह से लोगों के घर में जीवनावश्यक वस्तुएं नष्ट हो गई हैं। इसलिए सरकार की ओर से जीवनावश्यक वस्तुएं प्रभावित लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। बाढ़ में फंसे लोगों को तत्काल रेस्क्यू किए जाने के लिए हेलीकाप्टर की व्यवस्था की जा रही है। सिरसाट ने कहा कि मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए मदद का निर्णय लिया जाएगा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार संभाजीनगर में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से शहर में कई घर बह गए हैं और किसानों के जानवर भी बह गए हैं। इसके साथ ही भारी बारिश की वजह से नारंगी बांध से 1600 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और पानी के बहाव में और वृद्धि होने की संभावना है। अब तक शहर और तालुका के लगभग 400 परिवारों को स्थानांतरित किया जा चुका है। उप-विभागीय अधिकारी डॉ. अरुण जरहाद लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं और तहसीलदार सुनील सावंत नदी के किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं। वैजापुर-विरगाँव पुलिस गश्ती दल और वैजापुर नगर पालिका के कर्मचारी भी सतर्क हैं और नागरिकों को लगातार जानकारी और राहत कार्य किया जा रहा है।

### हकेवि ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत पोस्टर और कविता प्रतियोगिता आयोजित की

**नारनौल :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने सोमवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महेंद्रगढ़ और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली में पोस्टर-निर्माण एवं कविता-प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम या अभियान नहीं, बल्कि यह जीवन-शैली है। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय-स्तर पर इस तरह की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को न केवल रचनात्मक मंच प्रदान करती हैं, बल्कि उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित करती हैं। स्वच्छता को जीवन का स्थायी संस्कार बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (कन्या), महेंद्रगढ़ में आयोजित पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा, प्लास्टिक-मुक्त जीवन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर पोस्टर बनाकर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली में कविता-प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण-सुरक्षा और स्वच्छ भारत अभियान पर प्रेरणादायक कविताएँ प्रस्तुत कीं। इस प्रतियोगिता में चेष्टा और इंदु ने प्रथम, दिव्या और इंदु ने द्वितीय, जबकि प्रवीण और दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभा, तन्नु, राधा और मधु को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर डॉ. राज रानी, संकल्प शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, कार्यक्रम-अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महेंद्रगढ के प्राचार्य जयपाल सिंह एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

न्यूज IN ब्रीफ

## इंद्र पूजा की तैयारी शुरू, ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल परिसर में हुई बैठक



**सिमडेगा :** इस वर्ष हुई अच्छी वर्षा के लिए इंद्रदेव के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से नागपुरिया संघ की ओर से 11 अक्टूबर को इंद्र पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विधि-विधान पूर्वक इंद्रदेव की पूजा- अर्चना की जाएगी और शहर के सैंपुर स्थित ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल परिसर में रात्रि में रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर रविवार को ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल परिसर में नागपुरिया संघ के पदधारी सह प्रसिद्ध नागपुरी गायक मोहन साहू की अध्यक्षता में शिक्षक-शिक्षिकाओं और क्षेत्र के लोगों की बैठक हुई। बैठक में आयोजन को लेकर उपसमिति का गठन किया गया। उपसमिति में विवेक कुमार साहू को अध्यक्ष, बचन प्रसाद, रजिंदर साहू और गफ्फार अंसारी को उपाध्यक्ष, भीम साहू को सचिव, राजन मियां और दिनेश साहू को उपसचिव, कलिंदर प्रसाद को कोषाध्यक्ष और भीम कुमार को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर रोहित कुमार, रवि कुमार,नंदू साहू, कमल साहू, प्रकाश साहू, छोटेलाल साहू, राजकुमार साहू, सचिन कुमार साहू, सोनू कुमार सहित कई लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। बैठक में नागपुरिया संघ के पदधारी श्याम सुंदर मिश्र और प्राचार्य गोरखनाथ सिंह ने आपसी सहयोग से आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बताया गया कि नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई जाने-माने कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, संजय चौधरी, मनोज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## 70 हजार की अवैध निकासी

**जमशेदपुर:** मानगो के डिमना रोड स्थित केनरा बैंक के एटीम में कार्ड फंसने के बाद अवैध निकासी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित संजय पथ निवासी मोती सिंह ने उलीडीह ओपी में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को वह केनरा बैंक के एटीम से पैसे निकालने गया था। इसी दौरान एटीम कार्ड मशीन में ही फंस गया। एटीम परिसर में एक हेल्पलाइन नंबर लिखा हुआ था जिसपर कॉल करने पर बताया गया कि एटीम कार्ड निकालने के लिए इंजीनियर आयेगा, उसके लिए समय लगेगा। मोती सिंह कार्ड को एटीम मशीन में छोड़कर चले गए। थोड़ी देर बाद ही 70 हजार अवैध निकासी का मैसेज आया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गोविंदपुर में अग्रसेन महाराज की जयंती मनी, निकली प्रभात फेरी

**गोविंदपुर :** मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन धर्मशाला में अग्रसेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच, उन्नति शाखा, मारवाड़ी महिला समिति समेत कई अन्य संगठनों ने भी सहयोग किया।
इसकी शुरूआत प्रभात फेरी से की गयी। इसमें शामिल लोगों ने अग्रसेन महाराज के जयकारे लगाते व भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना व आरती की गयी। अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संचालन ओम प्रकाश बजाज एवं धन्यवाद ज्ञापन सुनील सरिया ने किया। कार्यक्रम में शंभूनाथ अग्रवाल, शरत दुदानी, आनंद बुबना, ललित केजरीवाल, जयप्रकाश मित्तल, रमेश सरिया, शैलेश दुदानी, राजकुमार तायल, अमित मित्तल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शैलेश बंसल, बजरंग तायल, आदित्य अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रामनिवास रिटोलिया, कमल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, पप्पू संघी, राजेश अग्रवाल, प्रदीप बजाज, धीरज सरिया, संतोष लोधा, गगन दुदानी, विवेक लोधा, पप्पू बजाज, अशोक गुप्ता, सुरेश सरिया, गोल्डी अग्रवाल, मारवाड़ी महिला सम्मेलन समिति अध्यक्ष सीमा सरिया, कोषाध्यक्ष मीनू अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, प्रभात सरिया, कंचन सुल्तानिया, उन्नति शाखा की नेहा बंसल, स्नेहा अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## घाटशिला विधान सभा उप चुनाव में 2,55,823 मतदाता डालेंगे वोट

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने 45-घाटशिला (अ.ज.जा) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के उपरांत अंतिम निर्वाचक सूची के प्रकाशन की जानकारी दी। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 02 सितंबर 2025 को किया गया था। दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि 02 से 17 सितंबर 2025 तक निर्धारित थी। दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 25 सितंबर 2025 तक संपन्न हुआ।
प्राप्त आंकड़ों के अनुसार- फॉर्म-6 (नए मतदाता नामांकन) के कुल 5325 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5171 स्वीकार किए गए। फॉर्म-7 (नाम विलोपन) के 750 आवेदन आए, जिनमें से 715 स्वीकार हुए। फॉर्म-8 (शुद्धिकरण/संशोधन) के 3677 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3645 स्वीकृत किए गए। अंतिम निर्वाचक नामावली के अनुसार जिले में कुल 2,55,823 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जो प्रारंभिक सूची (02.09.2025) की तुलना में 4,456 अधिक हैं। इनमें पुरुष मतदाता - 1,24,899 ( 1,585, 1.29% वृद्धि), महिला मतदाता - 1,30,921 ( 2,871, 2.24% वृद्धि), तृतीय लिंग - 03 (कोई परिवर्तन नहीं) शामिल हैं। निर्वाचक सूची से संबंधित आयु-वार एवं विशेष श्रेणियों के विस्तृत आंकड़े निम्नवत हैं- विदेशी मतदाता - 01 ढ्ढ्ऊ(विकलांगजन) मतदाता - 2,735 (पहले से 87 अधिक, 3.29%) सेवा मतदाता - 368 (8 की वृद्धि, 2.22%) 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता - 16,178 (2,870 की वृद्धि, 21.57%) 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता - 629 लैंगिक अनुपात 1048 (पहले 1038 से सुधार, 0.96%) 63.84 (पहले 62.73 से सुधार, 1.77%) आयु वगार्नुसार मतदाताओं की संख्या 18-19 वर्ष : 16,178 20-29 वर्ष : 61,378 30-39 वर्ष : 69,650 40-49 वर्ष : 45,732 50-59 वर्ष : 33,422 60-69 वर्ष : 20,158 70-79 वर्ष : 7,567 80-89 वर्ष : 1,545 90-99 वर्ष : 190 100।

# पूजा पंडालों के पट खुले, देवी ने दिये भक्तों को दर्शन

संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल के पूजा पंडाल सज-धजकर तैयार हैं। आकर्षक विद्युत सज्जा से पूरा शहर जगमगा उठा है। षष्ठी पूजा के दिन अधिकांश पंडालों का उद्घाटन हो चुका है। इसके साथ ही श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पूजा पंडाल में पहुंचने लगे हैं। पंडालों से निकलने वाली ढाक ध्वनि, घंटा ध्वनि भक्तों को पंडाल में आने का निमंत्रण दे रहे हैं। सप्तमी से पूजा पंडालों में मां का भोग वितरित किया जाने लगेगा। आज पंडालों में नवपत्रिका का प्रवेश हो चुका है। सप्तमी को अल सुबह कोलाबोउ को तालाब से गाजे-बाजे के साथ पालकी में बिठाकर लाया जायेगा। उन्हें भगवान गणेश भगवान की प्रतिमा के पास आसन दिया जायेगा। कोलाबोउ की पूजा भगवान गणेश की पत्नी के रूप में की जाती है।

इन पंडालों का हुआ उद्घाटन

श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति कोला कुसमा ग्राम पंचायत स्टील गेट पूजा पंडाल का उद्घाटन बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भाष्कर, सेल के सीसीएसओ संजीव सिंह, डीएसपी लॉ एंड आर्डर ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने यहां मेला का भी



उद्घाटन किया। इस बार यहां लक्ष्मी विलास पैलेस बड़ोदरा की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। जो आकर्षण का केंद्र है।
नवयुवक संघर्ष समिति मनईटांड़ के पूजा पंडाल का उद्घाटन समिति के सदस्यों ने किया। समिति का यह पूजा का 54वां साल है। हर साल यहां थीम बेस्ट पंडाल बनाये जाते हैं। समिति के सदस्यों के आपसी सहयोग से पंडाल बनाये जाते हैं। इस बार शोले फिल्म के सीन व किरदार पंडाल के अंदर नजर आ रहे हैं।
सार्वजनीन दुर्गोत्सव कमेटी नगर निगम के पूजा पंडाल का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने किया। उन्होंने सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। इस बार यहां बांस के कटिंग से आकर्षक पंडाल सजाया गया है। यहां मां का मोहिनी रूप बिराजमान किया गया है।
सत्यम शिवम सुंदरम पूजा समिति झारखंड मैदान के पूजा पंडाल का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा व एसडीएम ने किया। श्री सिन्हा ने सभी को पूजा की शुभकामनाएं दी। इस बार समिति की ओर से हजारों घड़ों से पंडाल सजाया गया है। आज यहां मेला का भी उद्घाटन किया गया।
श्री श्री दुर्गा पूजा समिति न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी के पूजा पंडाल का उदघाटन कुंभनाथ सिंह, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, विजय झा, शमीम अख्तर, विकास रंजन, शांतनु चंद्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। भक्तों को पूजा की शुभकानाएं दी। मौके पर समिति के महासचिव मुन्ना सिंह के साथ सभी सदस्गण उपस्थित थे। यहां की पूजा बहुत खास होती है। हिंदू व मुस्लिम कौम के लोग मिलकर पूजा की बागडोर संभालते हैं। यहां का सिंदूर खेला भी खास होता है। प्रतिमा विसर्जन के लिए महिलाएं भी जाती हैं।
विकास नगर शिव मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया। सोमवार को बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल यहां माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। समिति की ओर से पहली बार यहां शारदीय नवरात्र का आयोजन किया गया है। सप्तमी पूजा के दिन महिलाओं द्वारा डांडिया किया जायेगा।

# लोकेश कुमार मिश्रा नए उत्पाद आयुक्त बनाए गए



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के आईएएस अधिकारी लोकेश कुमार मिश्रा नए उत्पाद आयुक्त बनाए गए हैं श्री मिश्रा इससे पूर्व खूंटी के लोकप्रिय उपयुक्त कोडरमा के डीडीसी रांची के अनुमंडल पदाधिकारी में रह चुके हैं श्री मिश्रा झारखंड के तेज तर्रार और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कंट्रोल में फोन कर लें मदद

### डीसी आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार जिले के भ्रमण पर निकले

संवाददाता

**धनबाद :** दुगार्पूजा का आगाज रविवार को हो गया। जिले में ज्यादातर पंडालों के उद्घाटन के साथ धनबादवासी पूजा के उमंग में डूब चुके हैं। पूजा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा का जायजा लेने के लिए रविवार को फिर से डीसी आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार साथ-साथ जिले के भ्रमण पर निकले। दोनों अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे कुछ भी अस्वभाविक लगे तो फौरन पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर सूचना दें। पुलिस हर स्थिति से कड़ाई से निपटेगी। धनबाद पुलिस के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8210840901 या 9262998499 पर लोग संपर्क कर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत डायल 112 पर भी दे सकते हैं। डीसी और एसएसपी जिले के विभिन्न इलाकों का दौरा कर पूजा पंडालों और मेलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च पुलिस केंद्र से शुरू होकर बैंक मोड़, धनसार, कतरास मोड़, झरिया, इंदिरा चौक, लोदना, फूसबंगला, जोरापोखर, डिगवाडीह, पाथरडीह, गोशाला मोड़, सिंदरी, बलियापुर, कलियासोल, एग्यारकुंड, कालूबथान, पंचेत, चिरकुंडा, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, मुगमा, मैथन, निरसा, गोविंदपुर होकर गुजरा। डीसी और एसएसपी ने पूजा समिति के अधिकारियों से मुलाकात कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक आदेशों का हर हाल में पालन किया जाना चाहिए। समिति सदस्यों को भीड़ प्रबंधन, अग्निशमन की व्यवस्था, आपात स्थिति में त्वरित निकासी मार्ग और बिजली कनेक्शन की जांच जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से सभी थाना क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की झूठी सूचना फैलानेवालों पर सख्त कार्रवाई होगी। एसएसपी ने बताया कि पूजा पंडालों और मेलों में सुरक्षा को लेकर विशेष पुलिस गश्त, सीसीटीवी कैमरे और दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। दोनों अफसरों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद, एसडीएम राजेश कुमार, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत मनिक बाखला, डीएसपी मुख्यालय एक शंकर कामती, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार सहित सीओ, बीडीओ और विभिन्न थानों के प्रभारी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने कोयला नगर में जुटे लोग

**धनबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 126वें एपिसोड मन की बात को धनबाद में सामुदायिक भवन कोयलानगर में रविवार को लोगों ने सुना। कोयला श्रमिकों को भी आमंत्रित किया गया था। मन की बात में प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, स्वदेशी, कला संस्कृति, दुगार्पूजा, दीवाली एवं छठ पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। लाइव प्रसारण में धनबाद के श्रमिकों की भी झलक दिखाई गई। भाजपा महानगर जिला संयोजक वीरेंद्र हांसदा ने बताया कि पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश कुमार राही, जिलाध्यक्ष सरवन राय, लालबाबू सिंह, कुंभनाथ सिंह को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संजय झा, कन्हैया पांडे, उदय प्रताप सिंह, सिवान श्रीवास्तव, रणजीत सिंह, बिल्लू, विनोद सिंह चौधरी, बॉबी पांडे, राजाराम दत्त, कुणाल सिंह, दिलीप सिंह, कृष्णा मोदी, अशोक गुप्ता, मिथलेश पासवान, कमल किशोर, कृष्ण ठाकुर आदि थे।

# डीसी व एसपी ने मंडल कारा का किया निरीक्षण

संवाददाता

**सिमडेगा :** देर शाम उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने पुलिस बल के साथ मंडल कारा सिमडेगा में औचक छापामारी की। छापामारी लगभग डेढ़ घंटे तक चली, इस दौरान जेल परिसर के प्रत्येक वार्ड एवं बैरकों की गहन तलाशी ली गई। उपायुक्त ने बताया कि यह छापामारी रूटीन जांच का हिस्सा थी, जो जेल की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर की जाती है। तलाशी अभियान में किसी भी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु अथवा प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुई। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश



भी दिए। उन्होंने कहा कि नियमित औचक जांच से जेल में अवैध गतिविधियों पर रोकथाम और कैदियों पर नियंत्रण बनाए रखने में आवश्यक होती है।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन

संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत टुकूपानी पंचायत के फरसापानी में नवयुवक संग हॉकी चैंपियनशिप फरसापानी के तत्वाधान में उद्घाटन मैच में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निदेर्सानुसार विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू संसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग पंचायत अध्यक्ष लोरेंग डुंगडुंग रेने टेटे मुखिया सुशमा बिलुंग उपस्थित हुए। उद्घाटन मैच लठ्ठाखमण और बीरकेरा के बीच खेला गया जिसमें लठ्ठाखमण 1-0 से जीत हासिल किया
मौके पर मौजूद सांसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग ने कहा कि सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आज सिमडेगा जिला खेल के क्षेत्र में काफी तेजी के साथ आगे बढ़ा है। खिलाड़ी भी बड़ी संख्या में पैदा हुए हैं। जो आने वाले दिनों देश के हर खेल में जिले के



खिलाड़ियों का दबदबा होने का संकेत है। ऐसे प्रतियोगिता के आयोजन से ही हमारी पहचान बना रहेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को औऱ अधिक मेहनत और लगन के साथ खेल प्रतिभा को निखारने की अपील किया।
विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने अपने संबोधन में कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोंनगाड़ी और झारखण्ड सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ साथ नौकरी भी दी जा रही है। आप सभी बेहतर खेल का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से आज सैंकड़ो खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। आप सभी भी अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाए। उन्होंने कहा कि जीवन मे खेल जरूरी है। खेल से शारिरिक और मानसिक विकास होता है।
मौके पर मौजूद मीरस डुंगडुंग परवेज पौल केरकेट्टा, दीपक केरकेट्टा, विजय केरकेट्टा, छोटेश्वर मांझी, आदि उपस्थित थे।